



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 217 | कोरबा, बुधवार , दिनांक 08 मई 2024 डाक 09 मई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
उत्तर कन्नड़ में तीसरे चरण में वोट डालने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार अंजलि निंबालकर अपनी स्याही लगी उंगली दिखाती हुई





**देश-विदेश**
विकसित भारत सिर्फ नारा नहीं यह तो..., विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा- दुनिया हमें देख रही है





**फीचर पेज**
पेट में जलन को शांत करने के लिए करें इन 5 खाद्य पदार्थों का सेवन




# विरासत कर लगा तो रुक जाएगी अर्थव्यवस्था, भारत के 99 प्रतिशत लोग..., कांग्रेस के सुझाव पर बोले अर्थशास्त्री

**नईदिल्ली, 08 मई [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव के बीच विरासत कर (संपत्ति के बंटवारा) को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। पीएम मोदी लगातार अपने चुनावी रैलियों में विरासत कर का जिक्र करते हुए कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साध रहे हैं। भाजपा का आरोप है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो देशवासियों की आधी संपत्ति पर सरकार कब्जा कर लेगी। कांग्रेस के घोषणापत्र में राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक और जातिगत सर्वे करवाने की बात कही गई। कांग्रेस ने कहा कि इस सर्वे से मिली जानकारियों के आधार पर कदम उठाए जाएंगे। इसी बीच अर्थशास्त्री गौतम सेन ने समाचार एजेंसी के साथ बातचीत के दौरान कहा कि संपत्ति का बंटवारे की योजना भारत में काम नहीं करने वाली। उन्होंने कहा



कि केवल लगभग 12 करोड़ लोगों के पास 102 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। लेकिन इनमें से लगभग सभी ने अपने व्यवसायों में निवेश किया है। वहीं, संपत्ति के बंटवारे की वजह से देश के 98 से लेकर 99 प्रतिशत लोगों की जिंदगी पर बुरा असर पड़ेगा। गौतम सेन ने आगे कहा, देश में जो लोग दुकान चलाते हैं छोटे व्यापार करते हैं अगर उनकी संपत्ति का बंटवारा होता है तो देश की अर्थव्यवस्था रुक जाएगी। देश की संपत्ति का बंटवारा करने के लिए आपको हर दो साल में सर्वेक्षण करना होगा।

पिछले 10 वर्षों में असल मायने में संपत्ति का बंटवारा देखा जा सकता है, जहां देश में सड़कों का निर्माण हुआ, लोगों के घर बनाए गए, शौचालय बनाए गए। हेल्थ सेक्टर पर पैसे खर्च किए गए। गैस सब्सिडी दिए गए। आगे कहा कि मोदी सरकार के लिए गए ज्यादातर फैसले गरीबों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए लिए गए। देश में 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से ऊपर लाए गए। कांग्रेस लगातार ये बहती कहती आई है कि पार्टी के घोषणापत्र में संपत्ति के बंटवारे का जिक्र नहीं किया गया है। हालांकि, घोषणापत्र में आर्थिक और जातिगत सर्वे करवाने की बात है, जिसका भाजपा ने चुनावी मुद्दा बनाया है।

## नाथ के साथ फिर हुई कमल पर बात कैलाश के बयान से बढ़ीं सरगर्मियां

***भोपाल।*** *चुनावी माहौल में सक्रियता बनाए हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की जमकर तारीफ की हैं। उन्होंने कहा कि एक अच्छे व्यक्ति हैं। अगर वे भाजपा में आते तो उनका स्वागत होता। कैलाश ने इस बात को भी रेखांकित किया कि भाजपा में हर किसी के लिए जगह नहीं है। जिस समय कमलनाथ के भाजपा ज्वॉइन करने की चर्चाएं तेज थीं, तब कैलाश विजयवर्गीय ने इस बात का पुरजोर विरोध भी किया था और इन खबरों का खण्डन भी किया था।*

## कांग्रेस ने अचानक अडानी-अंबानी का नाम लेना क्यों कर दिया बंद , पीएम मोदी ने किया बड़ा हमला

**हैदराबाद, 08 मई [एजेंसी]।**



लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धुआंधार चुनाव प्रचार जारी है। आज पीएम मोदी तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में चुनावी रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। पीएम मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा, कांग्रेस के शहजादे ने पहले राफेल-राफेल किया। यह बंद हुआ तो उन्होंने पिछले पांच वर्षों में हर समय 5 उद्योगपतियों के बारे में बात करना शुरू कर दिया। बाद में उन्होंने अंबानी-अडानी कहना शुरू कर दिया, लेकिन चुनाव की घोषणा के बाद उन्होंने अंबानी-अडानी को गाली देना बंद कर दिया, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि ऐसा क्यों। शहजादा ये घोषणा करें कि अंबानी-अडानी से कितना माल उठाया है। समझौता यह हुआ कि आपने रातों-रात अंबानी-अडानी को गाली देना बंद कर दिया। करीमगंज की रैली में पीएम मोदी ने कहा कि तीसरे चरण में ही विपक्ष फ्यूज हो गया है। कांग्रेस ही देश में समस्याओं की सबसे बड़ी जननी है। पीएम मोदी ने कहा, करप्शन कांग्रेस-BRS का कॉमन कैरेक्टर है। ये दोनों एक दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं। लेकिन, बैकडोर से दोनों एक ही करप्शन सिंडिकेट का हिस्सा हैं। पीएम मोदी ने दिन की शुरुआत तेलंगाना में करीमनगर जिले के वेमुलावाड़ा स्थित श्री राज राजेश्वर स्वामी देवस्थानम में पूजा से दी।

## बैतूल जिले में मतदान दल को लेकर लौट रही बस में लगी आग, मतदान दल ने कूदकर जान बचाई, दो ईवीएम जली



**बैतूल।** बैतूल जिले के मुलताई विकासखंड में आने वाले ग्राम गौला के पास कल रात करीब 11.30 बजे छह लोकसभा चुनाव के मतदान केंद्रों से दल को लेकर बैतूल लौट रही बस में अचानक आग लग गई। आग लगते ही चालक ने बस को रोक दिया और मतदान दल ने जैसे तैसे बस से कूदकर अपनी जान बचाई। बस में छह मतदान केंद्रों से मतदान दल मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम और मतदान सामग्री लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान बस के गियर बॉक्स में आग लग गई। आग लगते ही उसमे सवार कर्मचारियों ने सामने का दरवाजा लॉक होने के कारण पीछे के दरवाजे और खिड़की को तोड़ा और बस से कूदकर अपनी जान बचाई।

## अब बिहार में छटपटाएंगे पीएफआई और सिमी के गुर्गे पटना हाईकोर्ट ने दे दिया झटका, टारगेट पर थे पीएम मोदी



**पटना।** वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पटना दौरे के दौरान गड़बड़ी फैलाने और संविधान को पलट कर इस्लामी कानून स्थापित कर देश में सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का षड्यंत्र रचने वाले पांच आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिका को पटना हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। पटना हाईकोर्ट के इस निर्णय से अब इन दोनों संगठनों की मुश्किलें बिहार में बढ़ने वाली है। जज विपुल एम. पंचोली एवं न्यायाधीश रमेश चंद मालवीय की खंडपीठ ने मंजर आलम एवं चार अन्य आरोपितों की आपराधिक अपीलों को खारिज कर दिया।

वे सभी प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स फ्रंट आफ इंडिया और स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट आफ इंडिया के सदस्य हैं। खंडपीठ ने पाया कि आरोपितों के विरुद्ध राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को इस षड्यंत्र में पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं। एजेंसी ने कई संवेदनशील साक्ष्यों का हवाला देते हुए उस षड्यंत्र के दो मुख्य आरोपितों मोहम्मद जलालुद्दीन और अतहर परवेज के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। हाई कोर्ट ने यह भी पाया कि आरोपितों द्वारा उक्त षड्यंत्रों को अंजाम देने के लिए उपयोग किए गए मोबाइल फोन व डिजिटल उपकरणों की जांच एजेंसी ने बरामदगी के बाद सरकारी तकनीकी लैब में की थी। अनुसंधान के दौरान संवेदनशील डेटा प्राप्त किया गया, जिसमें हजारों वीडियो मिले हैं।

## केरल में उड़ानें रद्द होने से भड़के यात्री, किसी को नौकरी जाने का डर तो किसी को पहुंचना था अस्पताल



**नई दिल्ली 8 मई।** एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें अंतिम समय में रद्द किए जाने पर यात्रियों का गुस्सा भड़क गया है। बुधवार को केरल के सभी हवाईअड्डों पर नाराज यात्रियों ने विरोध प्रदर्शन किया। ज्यादातर यात्री खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले थे। यात्रियों ने दावा किया कि सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद, जब वे विमान में चढ़ने का इंतजार कर रहे थे तब उन्हें उड़ान रद्द होने के बारे में जानकारी दी गई। हालांकि, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने यात्रियों को पूरे पैसे वापस करने या किसी अन्य तारीख पर यात्रा करने को कहा है, लेकिन यात्री इससे खुश नहीं हैं।

## एनआईए ने तीन नक्सलियों के खिलाफ दाखिल किया आरोपपत्र, सुरक्षाबलों की जासूसी का आरोप




**नईदिल्ली, 08 मई [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए)ने सुरक्षा बलों पर हमला करने के लिए प्रतिबंधित संगठन को विस्फोटक एपं अन्य साजो सामान की आपूर्ति करने एवं उनकी जासूसी करने के आरोप में भाकपा (माओवादी) के तीन सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। तेलंगाना के नामपल्ली में एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष दायर अपने पहले पूरक आरोप पत्र में संघीय एजेंसी ने मामले में गिरफ्तार आरोपी कमला और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के फरार सदस्यों हिडमा और बड़े चोक्का राव उर्फ 'दामोदर' को नामजद किया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं। इसमें कहा गया कि कमला और अन्य दो आरोपियोंको माओवादियों को विस्फोटक और अन्य साजो सामान पहुंचाने का प्रयास करते समय गिरफ्तार किया गया था जिसने सुरक्षा पर निगरानी रखने और उनपर हमला करने के लिए आग्नेयास्त्र, ड्रोन बनाने के लिए एक ड्रिलिंग मशीन और एक 'लेथ मशीन' की खरीद के लिए वित्तपोषण किया था।

एनआईए ने पिछले साल अगस्त में सुरक्षा बलों की जासूसी करने और उन पर हमला करने के लिए विभिन्न हथियारों और उपकरणों की खरीद के लिए भाकपा (माओवादी) द्वारा वित्तपोषण के संबंध में आठ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। विज्ञप्ति के मुताबिक यह मामला पिछले साल पांच जून को चेरला पुलिस थाना में दर्ज किया गया था, जिसकी जांच तीन अगस्त को एनआईए ने अपने हाथ में ले ली। संघीय जांच एजेंसी ने पिछले साल एक दिसंबर को अपनी मूल आरोप पत्र दाखिल किया था।

## डिवाइडर से टकराई कार, 2 युवकों की मौत, दो गंभीर



**बिलासपुर, 08 मई [एजेंसी]।**

जिले के तोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरीखुर्द जाने वाले मुख्य मार्ग में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सड़क में बने डिवाइडर से तेज रफ्तार कार टकरा कर डिवाइडर के बीच लगे पोल से जा भिड़ी। रफ्तार की वजह से टक्कर इतनी जबरदस्त और भयानक थी की कार माचिस की डिब्बी की तरह पिचक गई। इस घटना में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

घायलों को उपचार के लिए सिम्स ले जाया गया है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची तोरवा पुलिस मामले की जांच कर रही है। देवरी खुर्द के रहने वाले राजेंद्र सिंह, भागीरथी यादव दो अन्य दोस्त कुल चार लोग सियाज कार में बीती रात करीब 12 बजे शहर से अपने घर की ओर जा रहे थे। तभी कार अनियंत्रित होकर सड़क में बने डिवाइडर से टकरा कर लोहे के बिजली पोल में जा घुसी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। कार के अंदर बैठे चारों युवक उसी कार में फंसे रह गए। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद कार की बॉडी को काटकर युवकों को बाहर निकाला गया। जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो चुकी थी दो अन्य घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## उज्जैन में तेज रफ्तार वैन की ट्रक से जबरदस्त टक्कर, दो लोगों की मौत, 8 घायल

**उज्जैन, 08 मई [एजेंसी]।**



मध्य प्रदेश के उज्जैन में एक तेज रफ्तार वैन की ट्रक से टक्कर हो गई। इस सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, आठ लोग घायल हो गए।

वैन खड़े ट्रक से जाकर टकरा गई। उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि हादसा जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर उन्हेल-नागदा रोड पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को हुआ। उन्हेल पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि दो लोगों की मौत हो गई, जिनकी पहचान सावित्री बाई (35) और पूजा (12) के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि सभी पीड़ित वैन में सवार थे। पुलिस अधिकारी ने आगे बताया कि गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया। तीन अन्य का इलाज उज्जैन जिला अस्पताल में चल रहा है, जबकि दो अन्य को छुट्टी दे दी गई।

## हैदराबाद में आसमान से आफत बनकर गिरी बारिश निर्माणाधीन अपार्टमेंट की दीवार ढही, सात लोगों की मौत



**हैदराबाद, 08 मई [एजेंसी]।**

हैदराबाद में कल शाम बारिश और आंधी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। बारिश और आंधी के कारण कई जगहों पर सड़कों पर जलभराव हो गया, वहीं पेड़ भी उखड़ गए। इस बीच बुधवार को बाचुपल्ली इलाके में भारी बारिश के कारण एक निर्माणाधीन अपार्टमेंट की दीवार गिर गई। इस हादसे में चार साल के बच्चे सहित सात लोगों की मौत हो गई। मृतक प्रवासी श्रमिक थे जो ओडिशा और छत्तीसगढ़ के निवासी थे। बचुपल्ली पुलिस के अनुसार, उनके शव बुधवार तड़के एक उत्खननकर्ता की मदद से मलबे के नीचे से बरामद किए गए। मंगलवार को हैदराबाद और तेलंगाना के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे कुछ हिस्सों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि डीआरएफ (आपदा राहत बल) की टीमें तैनात की गई हैं और शहर में विभिन्न स्थानों पर जमा पानी और गिरे हुए पेड़ों को हटा रही हैं। प्रमुख सचिव (नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास) दानकिशोर ने जीएचएमसी आयुक्त रोनाल्ड रोज के साथ शहर के विभिन्न जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा किया और जमीन पर डीआरएफ टीमों को निर्देश दिए। तेलंगाना राज्य विकास योजना सोसायटी के अनुसार, ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के मुख्य कार्यालय में मंगलवार को सुबह 8.30 बजे से शाम 6 बजे के दौरान सबसे अधिक 84.5 मिमी बारिश हुई। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने वारंगल में स्थिति की समीक्षा की। यहां वह लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सड़कों पर पानी निकालने और बिजली आपूर्ति फिर से शुरू करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया।

## निगम कर्मी से 4 लाख की ठगी, फ्रॉड पर एफआईआर दर्ज




***जांजगीर।*** *नगर पंचायत अड़भार के पीएम आवास योजना शाखा में देखरेख का काम करने वाले कर्मचारी के खाते से किसी ठग ने यूपीआई के माध्यम से अलग-अलग किस्तों में 4 लाख 14 हजार की ठगी कर ली। पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अड़भार के वार्ड नंबर 8 निवासी पुष्पेंद्र कुमार श्रीवास नगर पंचायत अड़भार में पीएम आवास की देखरेख करते हैं। उसकी तीन बेटियां हैं, उनकी पढ़ाई व अन्य खर्च के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक अड़भार के अपने खाते में 4 लाख 15 हजार रुपए से कुछ अधिक रकम जमा करके रखी थी। 28 अप्रैल को किसी ने उसके एकाउंट से अलग-अलग किस्तों में 4 लाख 14 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया। अब पुष्पेंद्र के खाते में केवल 1256 रुपए बचे हैं। उसने मालखरौदा थाना में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।*





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को परिपक्व होने तक उत्तराधिकारी पद से हटाया

**नईदिल्ली, 08 मई [एजेंसी]।**



बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद अब उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी या पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक नहीं हैं। भाजपा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए पुलिस में मामला दर्ज होने के कुछ दिनों बाद 29 वर्षीय को आज शाम हटा दिया गया। उनकी चाची ने कहा कि उन्हें जब तक वह पूरी तरह परिपक्व नहीं हो जाते उनकी जिम्मेदारियों से अलग किया जा रहा है। आज शाम एक्स, पूर्व ट्विटर पर हिंदी में एक पोस्ट में, सुश्री मायावती ने कहा, बसपा भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्वाभिमान और आत्मसम्मान और सामाजिक परिवर्तन के लिए एक आंदोलन है जिसके लिए श्री कांशीराम जी और मैंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया और इसे गति देने के लिए एक नई पीढ़ी भी तैयार हो रही है।

इसी क्रम में मैंने पार्टी में अन्य लोगों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ श्री आकाश आनंद को राष्ट्रीय संयोजक एवं उत्तराधिकारी घोषित किया है, लेकिन पार्टी एवं आंदोलन के व्यापक हित में उन्हें इन दोनों महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से तब तक अलग किया जा रहा है जब तक पूर्ण परिपक्वता प्राप्त कर लेती है, उसकी दूसरी पोस्ट पढ़ें।

# मतदान कराकर लौटी महिलाओं में दिखी खुशियों की झलक






## जिले में मतदान हुआ शांतिपूर्ण संपन्न

कोरबा । कोरबा जिले में संपन्न हुये लोकसभा चुनाव के मतदान में मतदाताओं में उत्साह देखा गया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में मतदाता सुबह से कतारबद्ध होकर मतदान हेतु अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिये। मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए छाया, पेयजल की व्यवस्था, मेडिकल टीम, सेल्फी बूथ, व्हील चेयर, इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा एवं द्वय प्रेक्षक मुकेश कुमार मतदान की प्रक्रिया का जायजा लेते रहे। साथ ही कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित सभी जोनल अधिकारी मतदान केंद्रों का भ्रमण करते रहे। कोरबा जिले में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। पहली बार कोरबा विधानसभा के सभी मतदान केंद्रों में महिला मतदान दलों द्वारा भागीदारी दी गई, जो कि सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया के साथ संपन्न हुई। कोरबा जिले में मतदान करने लोगों में अभूतपूर्व उत्साह नजर आया। युवा मतदाता, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं सहित विषेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर जनजाति के मतदाताओं ने भी मतदान किया।

कोरबा विधानसभा की 249 मतदान केंद्रों में मतदान की संपूर्ण जिम्मेदारी सम्हालने वाली महिला अधिकारियों ने मतदान कार्य की सराहना करी। मतदान पश्चात सामग्री लेकर महिलाएं रात्रि लगभग 9.30 बजे से ही लौटने लगी। सामग्री लेकर लौटी रूप कुर्रे ने बताया कि मतदान कराना अच्छा अनुभव रहा। सामग्री के साथ लौटी महिला मतदान दलों ने अपनी भागीदारी निर्वाचन कार्य में होने पर खुद को गौरवान्वित महसूस करने जैसा बताया। मतदान कराकर लौटती महिला मतदान दलों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा था। पीठासीन अधिकारी श्रीमती रंजना दास और मतदान अधिकारी, रजनी पाटिल जोशी, सुशीला ने बताया कि गाँव वाले का भी बहुत सहयोग मिला। मतदान कराकर बहुत खुशी हो रही है। रामपुर सहित कटघोरा, पाली-तानाखार विधानसभा के मतदान दलों का भी सामग्री वापसी के लिए स्ट्रांग रूम आना प्रारंभ हो गया था। ईवीएम को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखा गया। मतदान केंद्रों में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को मतदान कराने स्कूली विद्यार्थियों, मतदाता सहायक, स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचाने, पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग तथा वरिष्ठ नागरिक मतदाता के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। मतदान में दिव्यांग मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। व्हील चेयर, ट्रायसायकल आदि के सहारे मतदान केंद्र पहुँचकर दिव्यांग ने भी अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट डाला। मतदान दिवस पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों में जाकर मतदान की स्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदाताओं से भी चर्चा की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने शहर के मतदान केंद्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वसंत ने कोरबा विधानसभा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीठासीन अधिकारी से मतदान की तैयारियों संबंधी जानकारी ली।

जिले में संगवारी, आदर्श, दिव्यांग तथा युवा मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन सभी केंद्रों में मतदान करने उत्साह का माहौल नजर आया। महिला मतदाताओं ने संगवारी बूथों में बढ़-चढ़ कर मतदान किया।

निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से दिव्यांग मतदान केन्द्रों में आकर्षक चित्रण व सजावट की गई। मुख्य द्वार के साथ मतदान केंद्रों में रंगीन कपड़ो व कारपेट का उपयोग किया गया। बूथ को फूलो व गुब्बारो से सजाया गया। साथ ही सभी दिव्यांग मतदान केंद्रों में सेल्फी जोन भी बनाया गया। इस मतदान केंद्र की खासियत यह रही है कि इसके संचालनकर्त्ता सभी मतदान अधिकारी दिव्यांग रहे। मतदान केंद्रों में अनेक स्थानों पर सेल्फी जोन बनाया गया था। मतदान करने के पश्चात् अनेक मतदाताओं ने सेल्फी लेकर अपनी फोटो जगह-जगह शेयर की और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी देने का प्रमाण प्रस्तुत किया। जिले में कुल 1087 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन मतदान केंद्रों में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। मतदान केंद्रों की लाइव स्थिति जानने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई थी। कोरबा जिले के चिन्हित 544 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग किया गया है। कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से टीम द्वारा निगरानी रखी गई। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में कोरबा जिले की पहचान विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के मतदाताओं में अपने नजदीकी मतदान केंद्रों में जाकर मतदान किया। जिले के ग्राम सतरेंगा, माखुरपानी, अजगरबहार, आमाखोखरा, बांझीवन, मदनपुर, गुडरूमुड़ा, डोंगानाला सहित अन्य मतदान केंद्रों में पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति के पीवीटीजी मतदाताओं ने मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

कटघोरा वनमंडल अंतर्गत हाथी प्रभावित ग्राम भूडूपानी एवं कोदवारी में जंगल के रास्ते वोट देने जाने वालों को 4 कि.मी. दूर मड़ई मतदान केंद्र तक सुरक्षित पहुंचाया गया। कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार के निर्देशन में प्रभावित क्षेत्र पर नजर रखी जा रही थी। ग्राम लालडीह व ग्राम खोरंगा पारा के ग्रामीणों को एक लोनर हाथी से सतर्क कर मतदान करने हेतु समझाइश दी गयी। मतदान केंद्रों में महिलाओं की लंबी कतार नजर आई। इस दौरान अपने छोटे बच्चों को साथ लेकर आने वाली महिला मतदाताओं का विशेष ख्याल रखा गया। मतदान केंद्र में बच्चों के मनोरंजन के लिए खिलौनों की भी व्यवस्था की गई थी। जिन्हें छोटे बच्चे मनोरंजन के रूप में उपयोग किया गया। यहाँ एक तरफ बच्चों का मन बहल रहा था वहीं दूसरी तरफ माताएं लोकतंत्र को मजबूत बनाने में भागीदार बन मतदान कर रही थी।

कोरबा विधानसभा अंतर्गत जैलगांव के सरस्वती शिशु मंदिर में निर्मित युवा मतदान केंद्र में युवा महिला मतदान दल द्वारा अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए सुगमतापूर्वक मतदान कराया गया। पहली बार मतदान कर रही सुश्री किरण चौहान काफी उत्साहित नजर आई, उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि मतदान करना हमारा मौलिक अधिकार एवं नैतिक कर्तव्य है। वनों और वन्यजीवों के संरक्षण को परिलक्षित करता कोरबा के आदर्श मतदान केंद्र सोनपुरी में वन विभाग ने वनवासियों की झलक के साथ ही वन्यजीवों के रूप में भालू, बंदर, लोमड़ी, खरगोश की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत की थी। यहाँ मतदाताओं को जंगल बचाने, आग न लगाने, वन्य जीवों का शिकार न करने और वनों का संरक्षण के संदेश के साथ ही मतदाताओं को वोट डालने का संदेश भी दिया जा रहा था। वन विभाग की यह पहल आकर्षण का केंद्र बनने के साथ ही मतदाताओं को जागरूक भी कर रही थी। वन्य जीव, पेड़-पौधे, रंगोली, पोस्टर, रंगीन गुब्बारों से सुसज्जित सोनपुरी मतदान केंद्र वन्य प्राणियों एवं वनों की संरक्षण का महत्व को परिलक्षित कर रहा था। व

न्य जीव प्राणियों एवं प्रकृति की सुंदरता को प्रदर्शित करने वाले कोरबा विधानसभा के सोनपुरी में निर्मित वन आदर्श मतदान केंद्र में बुजुर्ग मतदाता धूप बाई यादव ने मतदान कर अपने मताधिकार का उपयोग किया इसी कड़ी में सोनपुरी मतदान केंद्र में 74 वर्षीय बुधराम, 84 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता रामचंद्र तथा 85 वर्षीय वयोवृद्ध मतदाता पोरा बाई ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया एवं आमजनों से मतदान की अपील करती नजर आई। उन्होंने कहा कि उन्हें केंद्र में मतदान के लिए किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई, केंद्र में दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं की सहायता के लिए वालिंटियर्स भी लगे थे।

## नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने जनता का जताया आभार



कोरबा। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और कोरबा लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोरबा संसदीय क्षेत्र की जनता व समस्त मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। डॉ. महंत व सांसद ने कहा है कि आम जनता का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष समर्थन व सहयोग उन्हें प्राप्त हुआ। जनता का आशीर्वाद सदैव महंत परिवार के साथ रहा है और इस चुनाव में भी भरपूर आशीर्वाद मिला है। मतदाताओं ने लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, जिसके लिए वे साधुवाद व बधाई के पात्र हैं। नेता प्रतिपक्ष व सांसद ने इस उम्मीद के साथ कि जनता का स्नेह परस्पर बना रहेगा, समस्त संसदीय क्षेत्रवासियों को पुनः आभार प्रेषित किया है

## भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने मतदाताओं का जताया आभार



कोरबा। कोरबा लोकसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय ने मतदान समापन के पश्चात कोरबा लोकसभा क्षेत्र के मतदाता, वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, आदि को धन्यवाद ज्ञापित किया है। कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने मतदान के दिन प्रातःकाल कोरबा में स्थित माता दुर्गा की पूजा-अर्चना कर कोरबा शहर के विभिन्न बूथ में दौरा कार्यकर्ताओं से हाल-चाल जाना और मतदान की वर्तमान स्थिति के बारे में लगातार जानकारी ले मार्गदर्शन प्रदान करती रही।इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि टिकट की घोषणा के पश्चात से ही कोरबा पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सहित भारतीय जनता पार्टी एवं समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का असीम स्नेह एवं समर्थन प्राप्त हुआ उन्होंने रात दिन कठिन परिश्रम कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कराया और फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनाने का मार्ग प्रशस्त किया।

सुश्री सरोज पांडेय ने आगे कहा कि जनसंपर्क रैली एवं आम सभा के दौरान जनमानस से मिला स्नेह और समर्थन भी मेरी जीवन भर की कुंजी है मैं कोरबा लोकसभा क्षेत्र के समस्त मतदाता, वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी सहित कार्यकर्ताओं को हृदय से साधुवाद ज्ञापित करती है

## एनटीपीसी कोरबा ने सफलतापूर्वक दो आदर्श मतदान केंद्रों को तैयार करते हुए नगर निगम के मार्गदर्शन में करवाया मतदान

कोरबा । कोरबा अंचल अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर कृष्णा विहार आदर्श मतदान केंद्र में पिंक पोलिंग बूथ क्रमांक 27, 28 और 30 बनाए गए तथा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी विद्यालय यमुना विहार आदर्श मतदान केंद्र में महिला सशक्तिकरण बूथ क्रमांक 29 और 31 बनाए गए।एनटीपीसी कोरबा ने इन दोनों पोलोंग बूथों पर सभी सुविधाएं प्रदान की थीं और अपने कर्मचारियों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित भी किया था। ये मतदान केंद्र एनटीपीसी कोरबा द्वारा बनाए गए मॉडल मतदान केंद्र थे। कोरबा विधानसभा अंतर्गत एनटीपीसी कोरबा के सरस्वती शिशु मंदिर तथा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/ हिंदी विद्यालय मतदान केन्द्रों में महिला मतदान दल द्वारा अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए सुगमतापूर्वक मतदान कराया जा रहा है। एनटीपीसी कोरबा द्वारा प्रदान की गई व्यवस्था सफल एवं सराहनीय रही।

## समर कैंप में पपेट शो एवं स्टोरी टेलिंग के माध्यम से विद्यार्थी व्यक्त कर रहे अपनी भावनाएं,निखार रहे अपनी प्रतिभा





कोरबा। दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में चल रहे समर कैंप में बच्चों को विभिन्न प्रकार के चित्र बनाकर उसमें रंग भरने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।बच्चे अनेक प्रकार के चित्रों में विभिन्न प्रकार के रंगों का उपयोग कर उसको और आकर्षक बनाने की कला सीख रहे हैं।प्रत्येक बच्चा अपनी कल्पना के अनुसार अनेक प्रकार के चित्रों को ड्रा कर उसमें रंगा भरता है।कोई बेटी बचाओ;बेटी पढ़ाओ तो कोई वन संरक्षण का सुंदर संदेश चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त करता है। इंडस पब्लिक स्कूल के समर कैंप में चल रहे आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रषिक्षण में बच्चे अलग-अलग प्रकार की कलाकृतियों के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त कर रहे हैं।बच्चों को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट का प्रशिक्षण भी समर कैंप में दिया जा रहा है।बेकार समझे जाने वाले रद्दी अखबार से भी बच्चे अनेक कलाकृतियाँ बनाना सीख रहे हैं।कोई गुड़िया बनाकर रंग भरता है तो कोई टोकरी बनाकर खुश हो जाता है।आइसक्रीम खाकर बेकार समझकर फेंक दिए जाने वाले आइस स्टिक से भी आकर्षक पेन स्टेंड एवं फ्लावर पॉट इत्यादि बनाना सीख रहे हैं।बच्चों को फोटो फ्रेम;सीनरी;ग्रीटिंग कार्ड;और पेपर से विभिन्न प्रकार के फूल बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मुख्य प्रशिक्षक अंशुल रानी तथा मधुचंदा पात्रा ने बताया कि विभिन्न प्रकार के रंगों के उपयोग से बच्चे जहाँ एक ओर रंगों के महत्व से वाकिफ होते हैं वहीं अलग-अलग प्रकार के चित्रों को बनाकर हम अपनी भावनाओं को भी व्यक्त करते हैं। आर्ट एण्ड क्राफ्ट के माध्यम से हम वस्तुओं के महत्व समझकर उसको सदा उपयोग करने लायक बनाते हैं और जिससे कि हमारी कलात्मकता में भी निखर आता है।निरंतर क्रियाशील रहने से हमारी कल्पनाशीलता भी बढ़ती है और हम बहुत सारी चीजें सीख जातें हैं। गौरतलब है कि आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण में श्रीमती अंशुल रानी,श्रीमती मधु चंदा पात्रा के साथ कुमारी जोया हानफी भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

वहीं विद्यालय में संचालित समर कैंप में पपेट शो एवं स्टोरी टेलिंग के भी बेहतरीन प्रशिक्षण विद्यार्थियों को प्रदान किया जा रहा है। विभिन्न प्रकार की कहानियों को कठपुतलियों के माध्यम से अपनी मजेदार मनोरंजक वाणी में शिक्षिकाएं बच्चों के समक्ष व्यक्त करती हैं ।जिसका सभी विद्यार्थी भरपूर आनंद ले रहे हैं ।विद्यार्थियों को भी पपेट शो का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया जाता है ।विद्यार्थियों को मोटिवेट किया जाता है कि वह भी पपेट शो में अपनी भावनाएं व्यक्त करने के काबिल है। शेर ,भालू ,हाथी ,हिरण, तोता गीदड़ इत्यादि छोटे-मोटे कठपुतलियों के खिलौने देखकर विद्यार्थियों के चेहरे में सहज मुस्कान आ जाती है और पपेट शो में जब इन निर्जीव खिलौनों को वह बोलते हुए देखते व सुनते हैं तो और ज्यादा रोमांचित हो जाते हैं।स्टोरी टेलिंग एक्टिविटी के अंतर्गत विद्यार्थियों को रोजाना अलग अलग स्टोरी प्रेजेंट करने को मोटिवेट किया जाता है। सभी विद्यार्थी मंच पर आकर विभिन्न प्रकार की कहानियों से एक नया संदेश देते हैं। स्टोरी टेलिंग से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास का संचार होता है ।उनमें उत्साह का संचार होता है ।प्रतिदिन विद्यार्थी अलग-अलग कहानियों को मंच पर प्रस्तुत करते हैं ।जिससे न सिर्फ उनमें स्वयं की भावनाओं को व्यक्त करने की कला का विकास होता है अपितु उनके मन से झिझक भी दूर हो जाती है। पपेट शो एवं स्टोरी टेलिंग में खुशबू प्रवीण एवं अनम अंसारी सक्रिय भूमिका निभा रही है एवं बच्चों के टैलेंट को निखारने ने में लगातार प्रयासरत हैं।

इंडस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि स्कूल में चारों तरफ सीखने का ही माहौल होना चाहिए। क्योंकि सीखा हुआ ज्ञान स्थायी और अविस्मरणीय होता है।आर्ट एण्ड क्राफ्ट के प्रशिक्षण से बच्चे छुट्टियों का सदुपयोग कर स्मरणीय बना सकते हैं।विभिन्न प्रकार के रंगों के महत्व को समझकर बच्चे अपनी अपनी प्रतिभा को नया आकार दे सकते हैं।हमारे विद्यालय में समर कैंप में ।आर्ट एण्ड क्राफ्ट के अलावा भी विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है; जैसे- डांस; म्यूजिक; स्पार्ट्स; योगा; साइकोमेट्रिकड्रिल इत्यादि।हमारा उद्देश्य मात्र बच्चों के समय का सदुपयोग कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। समर कैंप में बच्चों के व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास करने का प्रयास किया जाता है । विभिन्न प्रकार की एक्टिविटीज में बच्चे सक्रिय रहते हैं ।उनमें नेतृत्व ,अनुशासन ,सहयोग एवं आत्मविश्वास ,सहिष्णुता सहित विभिन्न नैतिक मूल्यों का सतत विकास होता है।प्रत्येक विद्यार्थी को समर कैंप अवश्य ज्वाइन करना चाहिए।यह हर स्तर से विद्यार्थियों के लिए लाभदायक है।

## सीएमडी ने लिया मतदान मे हिस्सा

**कोरबा।** लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा निर्वाचन 2024 में भाग लेते हुए दिनांक 7 मई 2024 को एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा एवं एसईसीएल परिवार की प्रथम महिला एवं श्रद्धा महिला मण्डल अध्यक्षा, श्रीमती पूनम मिश्रा ने वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने लोकतान्त्रिक कर्तव्य का निर्वहन किया। इससे पहले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिलासपुर जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए मतदाता जागरूकता अभियान के प्रचार-प्रसार में एसईसीएल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान के तहत एसईसीएल द्वारा विभिन्न आयोजन किए आगे जिनमें शहर में भव्य स्वीप बाइक रैली का आयोजन, शहर में प्रमुख मार्गों एवं जगहों पर होर्डिंग्स के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश, स्टैम्प के माध्यम से एसईसीएल के आगंतुकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना, सोशल मीडिया के जरिये मतदाताओं को जागरूक करना, मतदाता संकल्प आदि जैसे कदम शामिल रहे ।

## तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई,दो मृत

बिलासपुर। जिले में दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है, यहां तोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरीखुर्द जाने वाले मुख्य मार्ग में एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर के बीच लगे पोल से जा भिड़ी. हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो घायलों को उपचार के लिए सिम्स ले जाया गया है. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची

## गंझियाडीह में निकला कोबरा आधे घंटे मतदान रहा प्रभावित

कोतबा । नगर पंचायत कोतबा में लोकसभा चुनाव के तहत तीसरे चरण का बुधवार को वोटिंग हुई। लोकसभा चुनाव के लिए कोतबा नगर पंचायत में पांच पोलिंग बूथ बनाए गए थे। यहां शाम 6 बजे तक 77त्न लोगों ने मतदान किया। लोगों में मतदान करने को लेकर सुबह से उत्साह देखा गया। छत्तीसगढ़ में नागलोक के नाम से मशहूर जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गंझियाडीह माध्यमिक शाला के मतदान केन्द्र क्रमांक 209 में सुबह 10.30 बजे अचानक कोबरा सांप निकल गया। मतदान केन्द्र के बाहर इधर-उधर घूमते देख मतदाता डर गए। मतदान केंद्र में सांप निकलने की जानकारी लगते ही लोग दहशत में आ गए। इसके चलते करीब आधे घंटे तक मतदान का कार्य प्रभावित रहा। सांप निकलने की सूचना पर तत्काल रेस्क्यू टीम कोतबा के एक सर्प मित्र को बुलाया गया।

## केंद्री में बनेगी कोचिंग डिपो

कोरबा। ।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल की ट्रेनों की साफ-सफाई और मरम्मत करने रेलवे ने केंद्री स्टेशन में कोचिंग डिपो बनाने की तैयारी की है। मंडल के अधिकारियों का कहना है कि राजधानी के मुख्य स्टेशन में मंडल की गाड़ियों को खड़ी करने और साफ-सफाई के लिए जगह नहीं है। वर्तमान में ट्रेनों का मरम्मत व रखरखाव दुर्ग और बिलासपुर डिपो में होता है। इसके अलावा मंडल की कुछ गाड़ियां दुर्ग से रायपुर आती हैं। मंडल में कोचिंग डिपो बनाने को लेकर लंबे समय से जगह की तलाश हो रही है। इसलिए केंद्री स्टेशन में कोचिंग डिपो बनाने की तैयारी चल रही है। भविष्य में यहीं से मंडल की ट्रेन मुख्य स्टेशन के लिए रवाना होगी। नवा रायपुर के केंद्री में स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है, जबकि अभनपुर और नया रायपुर व मुक्तांगन स्टेशन में कार्य जारी है।नवा रायपुर से धमतरी के बीच छोटी रेल लाइन पर बड़ी पटरी बिछाने का काम इन दिनों तेजी से चल रहा है। रेलवे मंडल के अधिकारियों के मुताबिक रायपुर स्टेशन से रवाना होने वाली गरीब रथ और सिकंदराबाद एक्सप्रेस रायपुर मंडल की ट्रेन है। वर्तमान में ट्रेन के रायपुर पहुंचते ही प्लेटफार्म में ही सफाई होती और पानी भरकर रवाना किया जाता है। कोचिंग डिपो बनाने के बाद मंडल की इन ट्रेनों की सफाई और बेहतर होने लगेगी।इसके अलावा केंद्री में डिपो बनने से मंडल की जो ट्रेन दुर्ग से रायपुर आती है, वह सीधे केंद्री स्टेशन जाएगी। दुर्ग से रायपुर आने में ट्रेनों को 45 मिनट का समय लगता है, जबकि केंद्री से रायपुर आने में 20 से 25 मिनट लगेगा।

## आखिर किस वजह से हुआ इस पार्षद का कांग्रेस से मोहभंग

कोरबा। मतदान के एक दिन पहले कुसमुंडा क्षेत्र के पार्षद अमरजीत सिंह ने कांग्रेस पार्टी के इस्तीफा दे दिया हैं! इसका इस्तीफा देने के लिए राजनीतिक जानकारों की माने तो दबाव में आकर पार्षद अमरजीत सिंह अपने व्यवसाय को बिना रुकावट के निरंतर बढ़ाने के लिए और जिलाबदर होने के कार्यवाही से बचने के लिए लिए कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया है! अमरजीत सिंह के कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने से पार्टी को नुकसान होने की सम्भावना कम दिखाई दे रही क्यों की इसकी जानकारी उनके समर्थकों को है और कांग्रेस पार्टी को भी है! सूत्रों की माने तो एक और युवाओं के प्रेरणा स्रोत पूर्वी कोयलांचल के दिग्गज कांग्रेसी नेता की जिलाबदर होने की सम्भावना जताई जा रही थी लेकिन जनता के बीच गलत संदेश न जाए इसलिए स्थानीय भाजपा नेताओं ने इसका विरोध किया और उसे कांग्रेस पार्टी में ही रहकर अपने क्षेत्र में भाजपा पार्टी को बढ़त दिलाने को कहा गया हैफिलहाल इन नेताओं के समर्थक और मतदाता कितने बात मानते हैं ऐ तो परिणाम आने के बाद ही पता चल पायेगा!



## नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ने भाजपा को किया पसंद

**शिवरीनारायण।** नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अजीतसेन तिवारी ने लोकसभा चुनाव के वोटिंग के पूर्व भाजपा का दामन थाम लिया। वे लंबे समय से कांग्रेस से जुडे हुए थे और नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष थे। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने उन्हें भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। भाजपा प्रवेश करने के बाद अजीतसेन तिवारी ने मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है। कांग्रेस की रीति नीति से क्षुब्ध होकर उन्होंने पार्टी छोड़ा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर सविता तिवारी, राहुल थवाईत, भरतमणी वैष्णव, बुधेश्वर केशरवानी, आनंद केशरवानी, गौरव केशरवानी, सची तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धुरकोट में एक परिवार की हिन्दू धर्म में वापसी, छोड़ा ईसाइयत को

**डभरा ।** क्षेत्र के ग्राम धुरकोट निवासी लालमणि पटेल का परिवार हिंदू धर्म को छोड़कर ईसाई धर्म अपना लिये थे। वे ईसाई धर्म को मानते थे, मगर अब लालमणि पटेल के परिवार ने ईसाई धर्म को छोड़कर हिन्दू धर्म को अपना कर घर वापसी कर लिया है। लालमणि पटेल के वापस हिन्दू धर्म अपनाने पर ग्राम धुरकोट के अघरिया समाज एवं डभरा क्षेत्र के अघरिया समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# 200 से भी कम मतदाता पहुंचे दो बूथ में वोट डालने

**सक्ती।** सक्ती जिले के ग्राम पंचायत सकरेली (बा) के ग्रामीणों ने अंडरब्रिज बने बिना रेलवे फाटक को बंद किए जाने के विरोध में मतदान नहीं करने का निर्णय लिया था और इस आशय का ज्ञापन भी जिला प्रशासन को सौंपा गया था। दोपहर 2 बजे तक यहां के मतदान केंद्रों में सन्नाटा पसरा था। इसकी सूचना मिलने पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और एसपी अंकिता शर्मा वहां पहुंचे और ग्रामीणों को समझाईश दी गई मगर ग्रामीण मतदान नहीं करने पर अड़े थे। अंत में कुछ ग्रामीणों पर समझाईश का असर हुआ मगर मतदान यहां के दो बूथों में कम हुआ।

बाराद्वार सक्ती के बीच सकरेली फाटक पर ओवरब्रिज बन गया है और यह चालू भी हो गया है। इसके कारण अब फाटक को बंद करने की सूचना रेलवे ने जारी की है। सकरेली बा के ग्रामीणों का कहना हैं कि यहां अंडरब्रिज बनना है। उसके बन जाने के बाद ही रेलवे फाटक को बंद करना चाहिए मगर रेलवे के अधिकारी उनकी बात नहीं सुन रहे हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध् में जिला प्रशासन को भी लिखित शिकायत दी है और प्रशासन ने



उन्हें आश्वासन भी दिया हैमगर रेलवे के अधिकारी फाटक बंद करने पर तुले हैं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि फाटक बंद कर देने से उन्हें चारागाह, खेत, स्कूल, राशन दुकान और अन्य जगह जाने में काफी दूरी तय करनी होगी। क्योंकि ओवरब्रिज काफी लंबा है।

इसी मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने लोक सभा में मतदान नहीं करने का निर्णय लिया था और दोपहर 2 बजे तक गांव के दो केंद्रों में मतदान शुरू नहीं हो सका था। इसकी सूचना मिलते ही गांव में कलेक्टर, एसपी पहुंचे और ग्रामीणों को समझाईश दी तब कुछ ग्रामीण वोट डालने को सहमत हुए और गांव के बूथ क्रमांक 184 में 118 लोगों ने मतदान किया जबकि यहां कुल 1 हजार 77 मतदाता हैं इसी तरह बूथ क्रमांक 185 में 78 लोगों ने मतदान किया। इस बूथ में कुल 12 सौ 55 मतदाता थे। इस तरह दोनों केंद्रों में मतदान कम हुआ। ज्यादातर ग्रामीण यहां वोट देने नहीं निकले।

## वोट का महत्व समझने वाले ग्रामीणों ने की 3 किमी की पदयात्रा



**देवरी-चांपा।** ग्राम पंचायत दर्रीबंजर के आश्रित ग्राम हनुमंता के मतदाताओं को 3 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कड़ारी में वोट डाला है। जिसके कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम हनुमंता में 8 वार्ड है और मतदाताओं की संख्या लगभग 800 के करीब है।

लेकिन लोकसभा चुनाव में पोलिंग बूथ नही दिया गया है। जिससे यहां के मतदाताओं को 3 किलोमीटर की दूरी तय कर ग्राम पंचायत कड़ारी वोट डालने जाना पड़ा है। आने जाने के लिए कोई साधन की व्यवस्था भी नही होने के कारण गांव के बहुत से लोग वोट डालने के लिए नहीं पहुंचे। ग्राम पंचायत कड़ारी के 4 वार्ड एवं ग्राम हनुमंता के 8 वार्ड को जोड़कर एक पोलिंग बूथ बनाया गया है। यही कारण है की हनुमंता के मतदाताओं को विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में 3 किलोमीटर दूरी तय कर वोट डालने आना पड़ता है चूंकि पंचायत चुनाव के लिए पोलिंग बूथ गांव में ही रहता है। ग्राम हनुमंता के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ही पोलिंग बूथ के लिए शासन प्रशासन से मांग करते आ रहे हैं लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## पोलिंग बूथ में कई प्रकार की सुविधाएं देने के दावे की हवा निकली, मतदाता हुए परेशान

**जांजगीर।** चुनाव आयोग से लेकर निर्वाचन अधिकारी तक सभी ने लोकसभा चुनाव से पहले ढिंढोरा पीटा था कि इस बार मतदान के लिए चाक-चौबंद इंतजाम रहेंगे। गर्मी और लू से बचने के लिए केन्द्र में कूलर पंखे, सारे इंतजाम होंगे। प्रत्येक बूथ में डेढ़ सौ कुर्सियां, बच्चों के लिए प्ले रूम और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए वेटिंग हॉल की व्यवस्था करेंगे, लेकिन 7 मई जब सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ तो चुनाव आयोग और अधिकारियों के इंतजाम के सारे दावे फेल हो गए।

मीडिया ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लिया, तो पाया कि मतदान केन्द्र का हाल ऐसा था कि जिन पार्टियों को पोलिंग बूथ पर तैनात किए थे। केवल उनके लिए कूलर, पंखे की व्यवस्था की थी, वेटर के लिए नहीं। शहर से लेकर पामगढ़, अकलतरा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में मतदान केन्द्र में वेटिंग हाल तो दूर बैठने के लिए कुर्सी के भी इंतजाम नहीं थे। ऐसे में मतदाताओं को 43 डिग्री गर्मी के साथ लाइन में खड़ा होना पड़ा। गर्मी से मतदाताओं को बचाने के लिए कपड़े के शेड की व्यवस्था की थी।



सुबह 9 बजे मुलमुला के बूथ नंबर 7 पर भीड़ लगी हुई थी। यहां वोटिंग की स्पीड धीमी थी, जिसके कारण बूथ के सामने महिलाओं की लंबी लाइन लगी हुई। केन्द्र में 18 से 19 कुर्सी की ही व्यवस्था थी, जिसमें बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अन्य कर्मचारी ही बैठे रहे। साथ ही केन्द्र में दिव्यांग व निशक्त मतदाताओं को बूथ तक ले जाने के लिए टूटी हुई व्हीलचेयर रख दी गई।

दोपहर 12 बजे नरियरा कन्या शाला मतदान केन्द्र में मतदाताओं को गर्मी से बचाने के नाम पर केवल 6 लोहे के पाइप और तीन पर्दे लगाकर टेंट की व्यवस्था की थी। वोटिंग के लिए पहुंची महिलाएं इसी टेंट की छांव में अपनी बारी आने का इंतजार करती रहीं। इस केंद्र में एक भी कुर्सी की व्यवस्था नहीं थी कूलर तो दूर की बात है।

## रेलगाड़ियों पर पथराव के बाद जवान तैनात, कैमरों से निगरानी

**जांजगीर।** जिले के जांजगीर नैला और चांपा रेलवे स्टेशन के बीच सुनसान इलाकों में कुछ शरारती तत्व यात्री गाड़ियों पर पथराव कर रहे हैं। इससे कई बार यात्रियों को चोट भी लगती है। ट्रेन के लोको पायलट स्टेशन मास्टर से इसकी शिकायत करते हैं। जांजगीर के नहरिया बाबा मंदिर के पास से जब गाड़ियों का गुजरना होता है तो चांपा से आकर आरपीएफ के जवान यहां तैनात होते हैं।



जिला मुख्यालय जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में सुरक्षा व्यवस्था के कोई इंतजाम नहीं है। यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए यहां आरपीएफ के जवान भी नहीं रहते। चीफ स्टेशन मास्टर ने बताया कि शाम होते ही स्टेशन परिसर में नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। स्टेशन के आउटर समेत परिसर में भी नशे के आदी अराजक तत्व, असामाजिक गतिविधियां करने के साथ परिसर में वेटिंग हाल, वाशरूम में गंदगी फैलाने के साथ ही नल की टोटी, ट्यूबलाइट जैसे तमाम सामान को तोड़-फोड़ देते हैं। इस वजह से यात्रियों को आए दिन परिसर में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

पथराव से बढ़ रही परेशानी सीएसएम विद्या विनय कुमार ने बताया कि स्टेशन के बाहर नहरिया बाबा मंदिर व अन्य सुनसान इलाकों में पथराव की शिकायतें लोको पायलट आए दिन करते हैं। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था देखने चांपा से आरपीएफ के जवान आते हैं।

**सुरक्षा के लिए 12 स्पेशल सीसी कैमरे लगेंगे स्टेशन मास्टर**

जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के चीफ स्टेशन मास्टर विद्या विनय कुमार ने बताया कि स्टेशन में 12 सीसी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए सभी कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इन कैमरों में फेशियल रिकॅग्निशन सिस्टम होगा। सीएसएम ने बताया कि जल्दी ही सीसी कैमरे लगने के बाद सुरक्षा व्यवस्था सुधरेगी। इससे अपराध पर नियंत्रण करना आसान होगा।

# सड़क पर सामान रखकर बढ़ा रहे समस्या कारोबारी

**जांजगीर- चांपा।** व्यापारियों के द्वारा दुकानों के सामने फुटपाथ पर सामान और बोर्ड, फ्लैक्स बैनर लगा देने से ग्राहक सड़क पर बाइक खड़ी कर रहे हैं जिसके चलते सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो जा रही है। खासकर यह स्थिति जांजगीर से नैला मार्ग पर निर्मित हो रही है। सड़क के दोनों ओर व्यापारी फुटपाथ में कब्जा कर रखे हैं। फुटपाथ पर सामान निकालने के कारण ग्राहक सड़क पर ही वाहन खड़ी कर देते हैं। दुकानदार अपनी दुकानों के सामने वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था नहीं करते है। नगर पालिका दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वहीं उधर यातायात पुलिस को भी इससे कोई सरोकार नहीं है। कुल मिलाकर इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

व्यापारियों ने अपनी दुकान के बाहर फुटपाथ तक में सामान निकालकर कब्जा कर लिया है। फुटपाथ पर सामान निकालने के कारण ग्राहक सड़क पर ही वाहन खड़ी कर देते हैं। जिसके कारण यातायात बिड़ती ही है और लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शहर में अब तक पार्किंग की व्यवस्था नहीं बन पाई है। पार्किंग को लेकर न तो पालिका व्यवस्था बना रही है और ना ही दुकानदार अपनी दुकानों के सामने वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करते है। जबकि उधर यातायात पुलिस सड़क पर खड़ी वाहनों के चालकों से नो पार्किंग का जुर्माना वसूल रही है। नगर पालिका जांजगीर - नैला



नगर का विकास लगातार हो रहा है। शहर का विस्तार हो रहा है, लेकिन मुख्य बाजार में पार्किंग की समस्या लगातार बनी हुई है, इतने वर्षों में शासन प्रशासन और नगर पालिका के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने आम लोगों की इस समस्या के समाधान के लिए कभी प्रयास नहीं किया। नगर पालिका के पास के शारदा चौक से लेकर नेताजी चौक और कचहरी चौक तथा केरा रोड में लगभग चर्च तक सड़क के दोनों ओर दुकानें बन गई हैं।

व्यवसाय बढ़ा तो व्यापारियों ने अपनी दुकानों की जद के बाहर सामान रखना शुरू कर दिया। दुकानों के सामने बने फुटपाथ तक को नहीं छोड़ा उसमें भी कब्जा कर सामान निकालने लगे हैं। सामान बाहर रखने के कारण आधी से अधिक सड़क इन व्यापारियों के कब्जे में है। ऐसी स्थिति में ग्राहकों को दुकान के बाहर ही अपनी गाड़ियां खड़ी करनी पड़ती है। व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण खरीदी करने बाजार जाने वालों को नो पार्किंग जोन में अपनी गाड़ियां खड़ी करनी पड़ रही है। ऐसी स्थिति में कोई व्यक्ति यदि दो सौ रुपए का सामान खरीदने जाकर नो पार्किंग जोन में बाइक खड़ी कर रहा है, तो उसे 300 रुपए पेनल्टी देनी पड़ रही है, क्योंकि शहर के अंदर से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के बाद ट्रैफिक पुलिस जाम की व्यवस्था को दुरूस्त करने में लग गई है। नगर पालिका की उदासीनता और दुकानदारों की लापरवाही के कारण ग्राहकों को जुर्माना देना पड़ रहा है।

**सख्ती से हटाई जाए दुकानों के सामने से कब्जे**

नगर पालिका की उदासीनता से कचहरी चौक के बड़े हिस्से पर फुटकर व्यवसाइयों ने कब्जा कर रखा है। चाट - पकौड़ों और चखना दुकानों के ठेलों से आम लोगों को आवागमन परेशानी होती है। इसी तरह नैला मार्ग में सड़क के दोनों ओर दुकानदारों के द्वारा सामान बाहर निकालने से सड़क सकरी हो जाती है। जिसके चलते कई आर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। नगर पालिका द्वारा इन स्थानों से अतिक्रमण हटाने में सख्ती बरतने की आवश्यकता है। अवैध कब्जे के कारण ही दुकानों के सामने वाहन खड़ी करने के लिए जगह नहीं बची है। दो-तीन वाहन खड़ी होने पर ही जाम लग जाता है।

**पार्किंग से सुधरेगी यातायात की व्यवस्था**

एनएच पर सड़क की चौड़ाई 40 फीट की है, लेकिन नेताजी चौक से लेकर कचहरी चौक तक दोनों ओर दुकानों का सामान सड़क में रखे होने के कारण यह सड़क सिमट कर 20 फीट की हो जाती है। इस रोड में डिवाइडर बनाकर और अतिक्रमण हटाकर सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है । मगर जब तक पार्किंग की व्यवस्था नहीं होगी तब तक यातायात व्यवस्था नहीं सुधरेगी और लोगों की परेशानी भी कम नहीं होगी।

## नि:शक्तों को सहायता दी छात्रों ने



**जांजगीर।** मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में असमर्थ मतदाताओं की सुविधा के लिए एनसीसी, एनएसएस और स्काउट के विद्यार्थियों ने की बुजुर्ग, दिव्यांग की मदद की और उन्हें सहारा देकर मतदान केंद्र तक पहुंचाया। स्कॉउट-गाइड, एनसीसी के विद्यार्थियों ने मतदान मित्र के रूप में कार्य किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी सहभागिता निभाई।

## अगले महीने तक मुहूर्त नहीं इसलिए बाजार मंदा

**जांजगीर।** हर साल अप्रैल से लेकर जून तक ढेरों शादियां होती हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। अप्रैल में आठ शुभ मुहूर्त के बाद शादी के लिए अगला मुहूर्त जुलाई महीने में है।

इसके बीच मई और जून में इस साल कोई भी शुभ मुहूर्त शादी का नहीं है। जुलाई में भी सिर्फ चार मुहूर्त है, उसके बाद फिर चार महीने ब्रेक लग जाएगा। 24 अप्रैल को शुक्र मेष राशि में प्रवेश कर चुका है। जहां पहले से ही सूर्य का गोचर हो रहा है और मेष राशि में प्रवेश करते ही शुक्र अस्त हो गया है।शुक्र 7 जुलाई तक अस्त रहेगा। 6 मई से गुरु ग्रह भी अस्त हो जाएगा, जो 2 जून को उदित होगा, वहीं शुक्र अस्त ही रहेगा। इस कारण मई व जून माह में एक भी लग्न नहीं है। इसके बाद सात जुलाई से लग्न शुरू होगा, जो 16 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। अगस्त सितंबर और अक्टूबर महीने में भी शादियां नहीं होगी। फिर 17 नवंबर में लग्न शुरू हो जाएगा।

# सांसद चुनने के लिए सभी जगह उत्साह दिखाया लोगों ने

**जांजगीर- चांपा।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह दिखा। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित प्रदेश के एक मात्र लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा में 18 उम्मीदवार मैदान में थे। आज इन उम्मीदवारों का चुनावी भाग्य ईवीएम में लाक हो गया। सुबह से मतदाताओं में मतदान को लेकर बहुत उत्साह देखा गया। रात 9 बजे तक मतदान के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार जांजगीर-चांपा लोकसभा में 63.08 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतिम आंकड़े जारी होने पर मतदान का प्रतिशत और बढ़ने की संभावना हैं।

लोकतंत्र के महापर्व में आहूति देने युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी में उत्साह देखा गया। वोट डालने मतदाता उमड़ पड़े। सुबह से ही मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लाइन लग गई थी। मौसम भी लोगों के अनुकूल हो गया था। सुबह से बदली और हल्की बूंदाबांदी के कारण लोग सुबह ही मतदान केंद्र निकल पड़े और वहां अपनी मताधिकार का उपयोग किया।

जांजगीर-चांपा लोकसभा में भाजपा से कमलेश जांगड़े और कांग्रेस से डा. शिव कुमार डहरिया चुनाव मैदान में हैं इनके अलावा 16 अन्य प्रत्याशी भी अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक मतदान समाप्ति का समय था जो मतदाता 6 बजे तक मतदान केंद्र के अंदर आ गए थे उन्हें मतदान करने का अवसर मिला। देर शाम तक कई केंद्रों में मतदान चलता रहा। रात 8 बजे से मतदान दलों की वापसी शुरू हुई जो सिलसिला रात सवा 9 बजे तक चला। इसके बाद मतदान सामग्री व ईवीएम जमा करने का काम भी देर रात तक हुआ। मतदान कराकर लौटे मतदान दल का कलेक्टर आकाश छिकारा, एसपी विवेक शुक्ला, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, सीईओ जिला पंचायत गोकुल कुमार रावटे ने गुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

**कई केंद्रों में बिजली गुल**

शाम 5 बजे भी अचानक मौसम बदल गया। तेज हवा चलने लगी जिसके कारण बलौदा ब्लाक के कई बूथों



में बिजली भी चली गई और मतदानकर्मियों को परेशानी भी हुई।

**देर रात तक ईवीएम जमा**

मतदान दलों की वापसी जांजगीर और सक् ती जिला मुख्यालय में 8 बजे से ही शुरू हो गई थी। मतदान दलों का पहुंचने का सिलसिला रात 9 बजे तक चला और देर रात तक मतदान सामग्री और ईवीएम को जमा किया गया। इसके बाद मतदान दल के अधिकारी कर्मचारी अपने घर लौटे। महिला कर्मियों को लेने पालीटेक्निक परिसर और नंदेली भांठा तक उनके स्वजन भी पहले से ही पहुंच गए थे। सभी ईवीएम जमा होने के बाद उसे कड़ी चौकसी में स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। उम्मीदवारों एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उसे सील किया जाएगा।

**मतगणना 4 जून को**

मतदान के बाद अब लोगों की नजर मतगणना पर रहेगी लेकिन इसके लिए लोगों को अभी इंतजार करना पड़ेगा। देश के कई राज्यों में अभी चार चरण का मतदान बाकी है। उसके बाद मतगणना एक साथ चार जून को होना है। तब तक प्रत्याशियों में भी परिणाम को लेकर बेचैनी रहेगी और परिणाम आने तक लोग अनुमान लगाते रहेंगे।

**इस तरह बढ़ता गया आंकड़ा**

जांजगीर-चांपा लोकसभा में मतदान की प्रतिशत सुबह से ही ठीक था। सुबह 9 बजे 12.85 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह 11 बजे 25.76 , दोपहर 1 बजे 43.68 , दोपहर 3 बजे 55.38 और शाम 6 बजे 62.44 फिर 63. 08 प्रतिशत मतदान के आंकड़े जारी हुए। अभी अनंतिम आंकड़ा आना बाकी है।

**पिछले चुनाव में 65.58 फीसदी मतदान**

वर्ष 2019 में जांजगीर-चांपा लोकसभा में 65.58 फीसदी मतदान हुआ था। यहां 18 लाख 95 हजार 232 वोटरों में से 12 लाख 42 हजार 290 वोटरों ने मतदान किया था। इस साल के अनंतिम आंकड़े में 63.08 प्रतिशत मतदान हुआ है । हालांकि अभी अंतिम आंकड़ा आना बाकी है।

विधानसभावार मतदान का प्रतिशत

विधानसभा - मतदान प्रतिशत

अकलतरा - 62.12

जांजगीर-चांपा - 68.45

सक्ती - 56.27

चंद्रपुर - 64.50

जैजैपुर - 64.76

पामगढ़ - 60.90

बिलाईगढ़ - 64.95

कसडोल - 62.16

## कम उम्र में श्वसन संबंधी परेशानियां अपनी चपेट में ले रही बच्चों को, इसके पीछे जैनेटिक कारण प्रमुख

**जांजगीर ।** बढ़ती उम्र में होने वाली सांस की बीमारी अब कम उम्र वालों को भी होने लगी है। फेफड़ा भी कमजोर हो रहा है। अस्थमा इसकी बड़ी वजह है। चौंकाने वाली बात यह है कि 1-2 साल के बच्चों को भी अस्थमा हो रहा है। डॉक्टर्स के मुताबिक इसकी सबसे प्रमुख वजह वंशानुगत समस्या है।

अस्थमा के सबसे प्रमुख कारणों में डॉक्टर वंशानुगत कारण, बदलती जीवनशैली और खानपान के साथ धूल, धुएं से बढ़ते प्रदूषण को इसकी वजह मान रहे हैं। जिला अस्पताल के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. आलोक मंगलम के अनुसार अस्थमा के अधिकांश मामले आनुवांशिक होते हैं। जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में हर दिन 100 से ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। हर साल मई के पहले मंगलवार को विश्व अस्थमा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य अस्थमा के प्रति लोगों को जागरूक करना होता है। अब ज्यादातर लोगों में अस्थमा की बीमारी सामने आने लगी है। वहीं अधिक से अधिक लोगों की जांच कर उन्हें बेहतर उपचार दिया जा रहा है।

अस्पतालों में ऐसे लोग भी पहुंच रहे हैं, जिनकी सांस फूल रही है। डॉक्टर जब जांच करते हैं तो अस्थमा की जानकारी मिल रही है। डॉक्टरों के अनुसार सांस फूलने पर इलाज में देरी का असर फेफड़े पर पड़ता है। ओपीडी में औसतन चार दमा के मरीज रोज आते हैं- डॉ. आलोक मंगलम ट्रजिला अस्पताल के डॉ. आलोक मंगलम का कहना है कि अस्थमा के ज्यादातर मामले अनुवांशिक होते हैं। जांच का दायरा बढ़ने से मरीज भी सामने आ रहे हैं। डॉ. आलोक मंगलम ने कहा कि उनकी ओपीडी में रोजाना औसतन 4 अस्थमा के मरीज आते हैं। इनमें 2-4 साल के बच्चे भी शामिल हैं। ऐसे लोगों को समय से जांच कराने के साथ ही घर में अगर कोई अस्थमा का मरीज है तो डॉक्टर के संपर्क में बने रहने की सलाह दी जाती है।युवाओं में दमा का एक कारण धूम्रपान का शौक भी विश्व अस्थमा दिवस इस बार सात मई को मनाया गया।

### अनमोल वचन......

**जो सुख में साथ दे वो रिश्ते होते है और जो दुःख में साथ दे वो फ़रिश्ते होते है!**

## अंतिम फैसला तो जनता के हाथ में

*सर्वोच्च अदालत ने लोक सभा चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सवाल किया और जांच एजेंसी से इसका जवाब मांगा। अदालत ने पांच सवाल पूछे और उनके जवाब लेकर आने का निर्देश दिया। दो सदस्यीय बेंच ने कहा कि स्वतंत्रता बहुत महत्त्वपूर्ण है। आखिरी सवाल गिरफ्तारी के संबंध में है। न्यायिक कार्यवाही के बिना, जो कुछ हुआ उसके संदर्भ में कार्यवाही कर सकते हैं। अदालत ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के लिए कहा कि पक्ष और विपक्ष में निष्कर्ष हैं। हमें बताएं कि केजरीवाल का मामला कहां है। क्या हम सीमा को बहुत विस्तृत बनाते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि जो व्यक्ति दोषी है, उसका पता लगाने के लिए मानक समान हों। केजरीवाल 21 मार्च से शराब नीति घोटाले के मामले में न्यायिक हिरासत के तहत दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। केजरीवाल इस गिरफ्तारी से पहले ही सार्वजनिक तौर पर कई मर्तबा दोहरा चुके थे कि मोदी सरकार लोक सभा चुनाव के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। दिल्ली सरकार के नेता पहले ही जेल में हैं। माना जा रहा है कि आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता विभिन्न राजनैतिक दलों के लिए चुनौती बनती जा रही है। सत्ताधारी दल की यह जिम्मेदारी है कि वह अन्य विपक्षी दलों के साथ पूर्वाग्रह भरा बर्ताव करने से बचे। दंड प्रक्रिया संहिता के अध्याय 5 में स्पष्ट प्रावधान है, कोई भी गिरफ्तारी इसके अधीन ही होनी चाहिए। केजरीवाल अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को अवैध बता रहे हैं।*

*यह कहना गलत नहीं है कि चुनाव के दरम्यान लगातार गिरफ्तारियां हो रही हैं तथा नोटिस भी थमाए जा रहे हैं या छापे तक डाले जा रहे हैं। दरअसल, केजरीवाल की गिरफ्तारी की टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं, जिनके उत्तर मिलने चाहिए। यह स्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं कही जा सकती। बेशक, न्यायिक व्यवस्था अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। सार्वजनिक जीवन में रहने वाला कोई भी राजनीतिज्ञ यदि किसी तरह के घोटाले में शामिल है तो उसे दंडित करने के लिए अदालतें हैं। अदालतोंपर पहले ही लंबित मामलों का दबाव है। उस पर मोदी सरकार लगातार आरोपियों को भाजपा में शामिल कर उन्हें क्लीन चिट देने का काम कर स्पष्ट संकेत दे रही है। यह अपने आप में गलत संदेश दे रहा है। बावजूद इसके अंतिम फैसला तो जनता के हाथ में है, जो मूकदर्शक जरूर है, लेकिन अपना निर्णय समय आने पर देगी।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। माता-पिता आज अपने बच्चों के लिए समय निकालेंगे और उनके साथ गेम खेलेंगे। सिंगर्स को आज किसी बड़े एल्बम में गाने का मौका मिल सकता है। आज ऑफिस के काम को समय से पूरा करने में आपको सफलता मिलेगी।

**वृष राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ [ ।लिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आप किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। राजकीय क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें, लोग आपका समर्थन करेंगे। आज आय वृद्धि के एकानेक स्रोत मिलेंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन उमंग भरा रहेगा। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घरवालों के साथ खुशी का वातावरण रहेगा। आज जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करें। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं। रुके हुये कार्यों को नए सिरे से फिर कोशिश करें, आप अवश्य ही सफल होंगे।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज अनावश्यक सोचने से बचें, नहीं तो आपकी उलझने बढ़ सकती हैं। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बिताएंगे। साथ ही आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से जरूरी काम निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज परिवार में सुख-समृद्धि का माहौल रहेगा।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप अपने दोस्त के साथ शाम को पार्टी करेंगे। आज कार्य स्थल पर आप उत्साह के साथ काम करेंगे, कलीग्स आपको फॉलो करेंगे। लेखकों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी कविता या कहानी के लिये आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आप नया वाहन लेने का प्लान बना सकते है।

**तुला राशि-:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप जीवनसाथी के साथ घूमने जायेंगे, जिससे रिश्ते में और मजबूती आएगी। आप एक-दूसरे की भावनाओं को समझने के साथ ही जीवन की हर परिस्थिति में साथ देने का वादा भी करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स आज किसी विशेष टॉपिक को समझने के लिए अपने सीनियर्स की मदद लेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। लोग आज आपके स्वभाव की तारीफ करेंगे।

**धनु राशि-:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके विचारों को अहमियत मिलेगी, आपका सम्मान बढेगा। आज आप माता-पिता के साथ बैठकर भविष्य की योजनाओं पर बात करेंगे। आज आप किसी व्यक्ति को कोई काम करने के लिए साहस देंगे ऐसा करके आपको अच्छा फील होगा।

**मकर राशि-**आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके करियर में कोई नया मोड़ आने वाला है यह आपके लिए बढ़िया साबित होगा। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे आगे चलकर आपकी गहरी दोस्ती हो सकती है। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।

**कुंभ राशि-:** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आप किसी व्यक्ति की बातों से प्रभावित होंगे। आज समस्याओं से घबराने के बजाय उनको शांत मन से सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें।

**मीन राशि-:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपकी शाम खुशनुमा कर देंगे। आज आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आज अच्छे काम के कारण लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी।

# चुनाव में ध्रुवीकरण

//अवधेश कुमार//

**मुस्लिम आरक्षण इस चुनाव में एक बड़ा मुद्दा बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित पूरी भाजपा कांग्रेस पर आरोप लगा रही है कि वह अनुसूचित जाति-जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण हटाकर मुसलमान को देना चाहती है। कांग्रेस सहित समूचा विपक्ष और भाजपा विरोधी कह रहे हैं कि मोदी और भाजपा देश में हिन्दू मुस्लिम के नाम पर चुनाव में ध्रुवीकरण चाहते हैं, जो सरेआम सांप्रदायिककरण है। अगर चुनाव में किसी संप्रदाय पर हमला किया जाए या उसके विरुद्ध दूसरे संप्रदाय को भड़काया जाए तो यह सांप्रदायिकता की श्रेणी में आएगा और इसके लिए चुनाव कानून ही नहीं सामान्य कानूनों में भी मुकदमा चलाने तथा सजा देने का प्रावधान है।**

प्रश्न है कि क्या प्रधानमंत्री ने जो आरोप लगाया उसे चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने का षड्यंत्र मान लिया जाए या उसके पीछे तथ्य भी हैं। कांग्रेस के नेता और प्रवक्ता प्रधानमंत्री पर हमले कर रहे हैं किंतु यह कहने को तैयार नहीं है कि वह मुसलमानों को आरक्षण देने के पक्ष में नहीं है। कांग्रेस यह भी स्पष्ट नहीं करती कि वह धर्म के आधार पर आरक्षण के विरु द्ध है। कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में आरक्षण की सीमा बढ़ाने का वचन देते हुए यह सुनिश्चित करने की घोषणा करती है कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले तो इसलिए मंशा पर प्रश्न उठता है क्योंकि इसकी पृष्ठभूमि है।

कांग्रेस सरकारों ने पहले भी मुसलमानों को आरक्षण देने की पहल की है। चूंकि धर्म के आधार पर आरक्षण मान्य नहीं था, इसलिए अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण में से ही कर्नाटक में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया। केंद्र में यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान आंध्र प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने मुसलमानों को आरक्षण देने का कानून बना दिया। यह विषय सर्वोच्च अदालत तक गया। आज भी अनुसूचित जनजाति से धर्म परिवर्तन कर मुसलमान या ईसाई बनने वालों को आरक्षण का लाभ मिलता है। वे अल्पसंख्यक होने का भी लाभ पाते हैं और अनुसूचित जनजाति का भी। कांग्रेस यह तो कह रही है कि इसमें मुस्लिम शब्द कहीं नहीं है पर अल्पसंख्यक का अर्थ क्या है। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 9 दिसम्बर 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक के भाषण में कहा कि 'मेरा मानना है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं कृषि, सिंचाई, जल संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ ही एससी/एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और बच्चों का उत्थान है। हमें ऐसी नई योजनाएं बनानी होंगी, जिनसे अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिमों को विकास में समान भागीदारी मिल सके। देश के संसाधनों पर उनका पहला हक होना चाहिए।' 2014 लोक सभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से ठीक एक दिन पहले मनमोहन सरकार ने 5 मार्च 2014 को दिल्ली की 123 प्रमुख संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड के हवाले कर दिया। दिल्ली वक्फ बोर्ड ने 27 फरवरी, 2014 को राष्ट्रीय राजधानी में इन प्रमुख संपत्तियों पर दावा किया था।

अनेक उदाहरण मिलेंगे जिनसे साबित होगा कि मनमोहन सरकार ऐसी मुस्लिम संस्थाओं, संगठनों और व्यक्तियों के पूरी तरह प्रभाव में था। यह आदेश सरकार ने उचित मुआवजे का अधिकार और भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2013 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए किया। तो क्या यह संशोधित अधिनियम ऐसे ही कार्यों को ध्यान में रखते हुए पारित हुआ था? नरेन्द्र मोदी सरकार के आने के बाद इन संपत्तियों को मुक्त कराया गया और उसके लिए भी न्यायालय में संघर्ष करना पड़ा। जिस तरह तेलंगाना एवं कर्नाटक में कांग्रेस को मुस्लिम समुदाय का वोट मिला उससे उसको लगता है कि ऐसी नीतियों पर आगे बढ़ने से उसका खोया जनाधार वापस आ सकता है। इसलिए राहुल गांधी और उनके नेतृत्व में पूरी कांग्रेस यह साबित करने में लगी है कि मुसलमान के हितों के प्रति वह पूरी तरह समर्पित है या उसके लिए किसी सीमा तक जाने को तैयार है। ध्यान रखिए, पिछड़े वर्ग एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति को आरक्षण पहले से प्राप्त है, नरेन्द्र मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 फीसद आरक्षण का प्रावधान कर दिया है। तो आप आरक्षण की सीमा को बढ़ाना किसके लिए चाहते हैं? अपने भाषणों और वक्तव्यों में राहुल गांधी सहित ज्यादातर नेता अनुसूचित जाति-जनजाति व पिछड़े वर्ग के साथ ही अल्पसंख्यकों और मुसलमानों के उत्थान की बात करते हैं।

आखिर अनुसूचित जाति-जनजाति जाति और पिछड़े वर्ग के साथ मुसलमान को क्लब कैसे किया जा सकता है। मुसलमानों ने देश में लंबे समय तक शासन किया और इस कारण वे विशेषाधिकार वर्ग में आते हैं। मोदी सरकार में ही सरकारी नौकरियों में मुसलमानों की संख्या 2014 के मुकाबले दोगुनी से ज्यादा हुई है। किंतु हमारे यहां जाति व्यवस्था में हाशिए पर रहे समूहों के कारण आरक्षण का प्रावधान संविधान में लाया गया। इसमें धर्म के आधार पर आरक्षण की कोई व्यवस्था न थी और न हो सकती है। ऐसी अवस्था में निश्चित रूप से अन्य पिछड़े वर्ग का हक मार कर ही कांग्रेस या आईएनडीआईए के अन्य दल उन्हें आरक्षण दे सकते हैं। पश्चिम बंगाल से इसके संदर्भ में एक डराने वाला आंकड़ा आया है।

इस समय वहां 179 जातियां अन्य पिछड़े वर्ग में शामिल हैं, जिनमें 118 मुस्लिम हैं और हिंदू सिर्फ 61। मोदी सरकार ने जब राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया तो उसने राज्यों को भी पिछड़े वर्ग की सूची में जातियों को शामिल करने का अधिकार दिया। ममता बनर्जी ने 71 जातियां शामिल की जिनमें 65 मुस्लिम थे। जब पिछड़ा वर्ग आयोग ने इसका कारण पूछा तो बताया गया कि पिछड़े हिन्दुओं ने धर्म परिवर्तन कर इस्लाम ग्रहण कर लिया। जब यह पूछा गया कि कहां-कहां ऐसा हुआ तो उत्तर आया कि इसकी जानकारी नहीं है। सरकारों ने ऐसे नियम और ढांचे बना दिया जिनसे राजस्थान, बंगाल, कर्नाटक सहित कई राज्यों में पिछड़े वर्ग के आरक्षण का ज्यादातर लाभ मुस्लिम समुदाय को मिल रहा है। इसके बाद क्या किसी संदेह की गुंजाइश रह जाती है।

# भारत के विरुद्ध अमेरिकी एजेंसियों समेत पश्चिमी देशों की फितरत पर दमदार पलटवार की है जरूरत, अन्यथा नहीं चेतेंगे

**कहना न होगा कि लोकतंत्र, मानवाधिकार, मीडिया की स्वतंत्रता और भूख जैसे मुद्दों पर भारत को जानबूझकर निशाना बनाया जाता है। क्योंकि कुछ सरकारों की आदत होती है कि वह दूसरों से जुड़े हर मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हैं। इसलिए भारत सरकार ने भी सार्वजनिक तौर पर अपनी नाराजगी से अवगत करा दिया है। भारत सरकार ने अमेरिका की एक प्रतिष्ठित एजेंसी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) पर भारत में जारी आम चुनाव 2024 की प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। क्योंकि गत दिनों ही यूएससीआईआरएफ की तरफ से धार्मिक आजादी पर एक रिपोर्ट जारी की गई, जिसमें भारत में धार्मिक आजादी की स्थिति को चिंताजनक बताते हुए इसकी स्थिति लगातार खराब होने की बात कही गई है।**

यही वजह है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यूएससीआईआरएफ को राजनीतिक एजेंडे वाला पक्षपाती संगठन करार दिया है। यही नहीं, उन्होंने सालाना स्तर पर जारी होने वाली इस रिपोर्ट को राजनीतिक प्रोपेगंडा कहा है। बकौल रणधीर जायसवाल, यूएससीआईआरएफ को राजनीतिक एजेंडे वाले पक्षपाती संगठन के रूप में जाना जाता है। इसने वार्षिक रिपोर्ट के हिस्से के रूप में भारत के बारे में अपना दुष्प्रचार प्रकाशित करना जारी रखा है। हमें वास्तव में ऐसी उम्मीद भी नहीं है कि यह आयोग भारत की विविधतापूर्ण, बहुलतावादी और लोकतांत्रिक मूल भावना को समझने की कोशिश भी करेगा। उनके द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के लिए किए गए प्रयास कभी सफल नहीं होंगे। यूँ तो अमेरिका की चुनाव प्रक्रिया के दौरान वहां के राजनीतिक दल और राजनेता कभी चीन तो कभी रूस पर हस्तक्षेप करने का आरोप लगाते रहे हैं, लेकिन अब भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने बजाप्ता प्रेस कांफ्रेंस करके अमेरिका की प्रतिष्ठित एजेंसी यूएससीआईआरएफ पर भारत में जारी चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का जो आरोप लगाया है, उसके गहरे निहितार्थ हैं। क्योंकि यह पहला मौका है जब भारत ने किसी अमेरिकी एजेंसी पर लोकतांत्रिक तरीके से होने वाली चुनावी प्रक्रिया में अमेरिकी एजेंसी की तरफ से हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। संभवतया यह अमेरिकी एजेंसियों को लेकर भारत के बदले रवैये को भी बतलाता है।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि अमेरिका भारत का एक अहम रणनीतिक साझीदार देश है। हाल के वर्षों में भारत के द्विपक्षीय रिश्तों में जितनी गहराई अमेरिका के साथ आई है, वैसा किसी भी दूसरे देश के साथ देखने को नहीं मिला है। बावजूद इसके अमेरिका या कुछ दूसरे पश्चिमी देशों की एजेंसियों की तरफ से भारत में मानवाधिकार, धार्मिक आजादी, प्रेस की स्वतंत्रता जैसे मुद्दे के जरिये किये जाने वाले हस्तक्षेप भारतीय नेतृत्व बर्दाश्त नहीं कर सकता है। इसलिए ऐसे हस्तक्षेप को लेकर सख्ती से जवाब देने की रणनीति भारत अपना चुका है, जो बहुत बड़ी बात है।

कहना न होगा कि लोकतंत्र, मानवाधिकार, मीडिया की स्वतंत्रता और भूख जैसे मुद्दों पर भारत को जानबूझकर निशाना बनाया जाता है। क्योंकि कुछ सरकारों की आदत होती है कि वह दूसरों से जुड़े हर मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हैं। इसलिए भारत सरकार ने भी सार्वजनिक तौर पर अपनी नाराजगी से अवगत करा दिया है। हमें इस बात पर फक्र होना चाहिए कि आज का भारत एक गाल पर तमाचा मारने पर दूसरा गाल आगे नहीं बढ़ाता। क्योंकि अगर अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी देश यदि भारत विरोधी प्रतिक्रिया दे सकते हैं, तो भारत भी अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी देशों के खिलाफ प्रतिक्रिया दे सकता है। उन्हें यह याद रखना चाहिए कि विदेश के मामले में दखल देने की यह आदत कभी कभी उल्टी भी पड़ सकती है। हैरत की बात तो यह है कि यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट में भारत में धार्मिक स्थिति को लेकर काफी विवादास्पद टिप्पणी की गई है। इसमें भारत को अफगानिस्तान, अजरबैजान, नाइजीरिया, वियतनाम जैसे देशों की श्रेणी में रखा गया है। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय से आग्रह किया गया है कि भारत को भी धार्मिक आजादी को लेकर खास चिंता वाले देश (सीपीसी) की श्रेणी में रखा जाए। इस श्रेणी में रखे जाने वाले देशों को लेकर अमेरिकी प्रशासन का रवैया अलग होता है। साथ ही उन पर कई तरह के प्रतिबंध लगाने की व्यवस्था है। याद दिला दें कि यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट आने से कुछ दिन पहले ही अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने भारत में मानवाधिकारों की स्थिति पर चिंता जताई थी। जिसपर पलटवार करते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय ने दो टूक जवब दिया था कि अमेरिकी संस्थाएं भारत के बारे में अपनी खराब समझ का परिचय दे रही हैं। भारत के प्रति जितना दुराग्रह अमेरिकी विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में झलक रहा था, उतना ही यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट में भी। इससे स्पष्ट है कि पश्चिमी देशों यानी अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन आदि देशों का श्रेष्ठता बोध कभी खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। जबकि इन देशों की हकीकत अब दुनियावी देशों से छिपी हुई नहीं है। अमरीकी नस्लीय हिंसा और वहां के विश्वविद्यालयों में हो रहे पक्षपाती प्रदर्शनों के बारे में वह खुद ही समझ ले, तो उसके दूरगामी हित में होगा।

सीधा सवाल है कि भारत के आंतरिक मामलों में अनावश्यक टिप्पणी करने वाले पश्चिमी देशों की संस्थाएं क्या दुनिया को यह बता पाएंगी कि अमेरिका में पुलिस विश्वविद्यालयों में धावा क्यों बोल रही है और ब्रिटेन अवैध प्रवासियों को पकड़-पकड़ कर रवांडा क्यों भेज रहा है। इसी तरह कनाडा में हड़ताली ट्रक ड्राइवरों से निपटने के लिए आपातकाल क्यों लगा दिया जाता है। इस बात को नहीं भुलाया जा सकता कि ये वही पश्चिमी संस्थाएं हैं जो कृषि कानून विरोधी उग्र आंदोलन और शाहीन बाग के अराजक धरने को एक तरह से न केवल अपना समर्थन दे रही थीं, बल्कि भारत को मानवाधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पाठ भी पढ़ा रही थीं।

मेरा मानना है कि अमेरिका, कनाडा समेत यूरोपीय देश तब तक बाज नहीं आने वाले जब तक भारत भी इन देशों के मामलों में अपनी प्रतिक्रिया देना नहीं शुरू करता। वैसे भी भारत को केवल प्रतिक्रिया ही नहीं देनी चाहिए, बल्कि बाकायदा रिपोर्ट जारी कर यह बताना चाहिए कि इन देशों में क्या कुछ गड़बड़ हो रही है, क्योंकि किसी भी देश में सब कुछ ठीक नहीं रह सकता है। जब भारत ऐसा करेगा, तभी पश्चिमी देश चेतेंगे, अन्यथा कतई नहीं।

## मानव पसीने से सने चावल के गोले जापान में पाक कला में लोकप्रिय हो गए

फीके खाद्य पदार्थों को रुचिकर बनाने के लिए पाककला संबंधी नवाचार आवश्यक हैं। हालाँकि, कुछ अपरंपरागत पाक विधियाँ मुँह में ख़राब स्वाद छोड़ सकती हैं। उदाहरण के लिए, ओनिगिरी राइस बॉल्स तैयार करने का नया चलन - जापान में एक प्रतिष्ठित स्नैक - जिसके लिए महिलाओं को उन्हें गूंधने और ढालने के लिए अपनी बगलों का



उपयोग करना पड़ता है। स्वच्छता के बारे में लाल झंडों के बावजूद, खाना पकाने की अनूठी विधि को जापान में काफी लोग पसंद कर रहे हैं। विशेषज्ञों का सुझाव है कि बढ़ती लोकप्रियता का श्रेय बगल के यौन महत्व को दिया जा सकता है। क्या यह तर्क दिया जा सकता है कि यह फुचका तैयार करने के अस्वच्छ तरीके हैं - अक्सर यह माना जाता है कि फुचकावालों के टपकते पसीने से उन्हें अपना स्वादिष्ट स्वाद मिलता है - जो इस प्रतिष्ठित भारतीय स्ट्रीट फूड को और अधिक अनूठा बनाता है। सर - रामचन्द्र गुहा अपने कॉलम, अवैज्ञानिक स्वभाव (4 मई) में समाज को आईना दिखाने के लिए प्रशंसा के पात्र हैं। भारत में वैज्ञानिक सोच के क्षरण को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्राचीन भारत में कॉस्मेटिक सर्जरी और प्रजनन आनुवंशिकी के प्रसार के बारे में सार्वजनिक मंचों पर दावे करके सबसे अच्छी तरह से प्रदर्शित किया गया है। सत्ताधारी सरकार के अन्य नेताओं ने भी इसी का अनुसरण करते हुए अजीबोगरीब दावे किए हैं जैसे कि राम के तीर आज की मिसाइलों के बराबर हैं या रामायण में वर्णित पुष्पक विमान आधुनिक हवाई जहाज का अग्रदूत है। संविधान का अनुच्छेद 51ए(एच) वैज्ञानिक स्वभाव, मानवतावाद और जांच की भावना के विकास को अनिवार्य बनाता है। पौराणिक कथाओं को विज्ञान पर हावी होने देने की मौजूदा सरकार की प्रवृत्ति भारत के उदारवादी और धर्मनिरपेक्ष लोकाचार के लिए हानिकारक है। काजल चटर्जी, कलकत्ता महोदय - विज्ञान की विशिष्ट भाषा इसे भारतीय आबादी के बड़े हिस्से के लिए दुर्गम बनाती है। यहां तक कि एक शिक्षित व्यक्ति को भी शब्दजाल से भरे वैज्ञानिक शोध पत्रों की व्याख्या करते समय एक चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इस प्रकार वैज्ञानिकों को वैज्ञानिक ज्ञान को आम आदमी के लिए अधिक समझने योग्य बनाकर इसका प्रसार करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

## तस्वीरों की दुनिया



कर्नाटक के कलबुर्गी में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के दौरान वोट डालने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी पत्नी राधाबाई खड़गे के साथ स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के दौरान एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।



उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सैफई में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए वोट डालने से पहले समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और उनकी पत्नी, मैनपुरी से पार्टी उम्मीदवार डिंपल यादव ने अपनी उंगलियों पर अमिट स्याही का निशान लगवाया।



अहमदाबाद में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के दौरान एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी और उनकी पत्नी प्रीति अदाणी अपनी स्याही लगी उंगलियां दिखाते हुए।



केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता प्रह्लाद जोशी हुबली में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के बाद वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान खगड़िया में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए अपना वोट डालने के बाद अमिट स्याही लगी अपनी उंगली दिखाते हुए।



उत्तर कन्नड़ में तीसरे चरण में वोट डालने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार अंजलि निंबालकर अपनी स्याही लगी उंगली दिखाती हुई।

# विकसित भारत सिर्फ नारा नहीं यह तो..., विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा- दुनिया हमें देख रही है



**नईदिल्ली, 08 मई [एजेंसी]।**

विकसित भारत सिर्फ एक नारा नहीं, भारत के भविष्य के प्रति गंभीर प्रतिबद्धता है। विकसित भारत की हमारी यात्रा अगले 25 वर्षों की वास्तविकता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह बात हंसराज कालेज के 75 वर्ष पूर्ण होने पर कालेज में विकसित भारत 2047 की संकल्पना विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में कही। जयशंकर ने कहा कि दुनिया हमें देख रही है। वे इन 25 वर्षों को नए अवसरों, नई प्रौद्योगिकी और नई चुनौतियों की अवधि के रूप में देखते है। प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी क्षमता पर चर्चा करते हुए जयशंकर ने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन को बदल देगी। हम आज वास्तव में स्व-चालित कारों के बारे में बात कर रहे हैं और ड्रोन पर विचार कर रहे हैं, जो अब वास्तविकता बन गई है।भारत की महत्वाकांक्षा पर जोर देते हुए जयशंकर ने कहा कि हम दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। उन्होंने कहा कि भारत की छवि मित्रतापूर्ण, लेकिन निष्पक्ष है। आज का भारत आतंकवाद से बहुत अलग तरीके से निपटता है। उन्होंने कहा कि हम पर रूस से तेल न खरीदने का अंतरराष्ट्रीय दबाव था।भारत ने कहा कि हमारे हितों के लिए यह आवश्यक है कि हम तेल खरीदें और हमने इसे छिपाया नहीं। इसके बारे में हमने बहुत खुलकर और ईमानदारी के साथ बहुत ही साहसी तरीके से निर्णय लिया। आज विश्व में भावना यह है कि भारत एक दृढ़ देश है, लेकिन यह निष्पक्ष देश भी है। कार्यक्रम की अध्यक्ष और हंसराज कालेज की प्राचार्य प्रो. रमा ने इस दौरान महात्मा हंसराज के जीवन पर लिखित पुस्तक का विमोचन किया, वहीं भारत की वैश्विक छवि को अनवरत सशक्त करने के लिए विदेश मंत्री को कालेज के प्राचार्य व कार्यक्रम संयोजक डा. प्रभांशु ओझा ने महात्मा हंसराज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

# अगर अंतरिम जमानत दी भी जाती है तो सीएम के तौर पर काम नहीं करेंगे, केजरीवाल के वकील सिंघवी से सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा क्यों कहा ?



**नईदिल्ली, 08 मई [एजेंसी]।**

अंतरिम जमानत की उम्मीद लगाए बैठे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत का आदेश नहीं आया। कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर कोई आदेश नहीं दिया साथ ही जो टिप्पणी की उससे केजरीवाल का मुख्यमंत्री के तौर पर काम करते रहने का इरादा जरूर हतोत्साहित होता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर उन्हें चुनाव के दौरान अंतरिम जमानत दी जाती है तो वह मुख्यमंत्री के तौर पर काम नहीं करेंगे, न किसी फाइल पर हस्ताक्षर करेंगे क्योंकि इसका व्यापक और दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। अगली सुनवाई गुरुवार को है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से भी कई सवाल किए। कोर्ट ने पूछा कि ईडी ने शुरुआती जांच और पूछताछ में दर्ज किए गए अभियुक्तों के बयानों में केजरीवाल से संबंधित सवाल क्यों नहीं पूछे। जांच को दो साल हो रहे हैं इतना समय कैसे लगा। इसके अलावा कोर्ट ने ईडी को मामले की केस डायरी और दस्तावेज पेश करने को कहा है। सुनवाई का समय समाप्त होने पर कोर्ट केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर कोई आदेश दिये बगैर गुरुवार को फिर सुनवाई होने का संकेत देते हुए उठ गया।मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद हैं। ईडी ने उन्हें 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में गिरफ्तारी को चुनौती दी है हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी को वैध ठहराया था। पिछली सुनवाई पर कोर्ट ने कहा था कि मामले पर बहस लंबी चल सकती है इसलिए कोर्ट चुनाव को देखते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने पर विचार कर सकता है और दोनों पक्ष बहस के लिए तैयार होकर आएं। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ कर रही है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से कहा कि अगर कोर्ट चुनाव को देखते हुए अंतरिम जमानत देता है तो वह मुख्यमंत्री के तौर पर कोई आधिकारिक कर्तव्य नहीं निभाएंगे।

किसी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। सिंघवी ने कहा कि अंतरिम जमानत मिलने पर आबकारी मामले से जुड़ी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे, लेकिन जस्टिस खन्ना ने अपनी बात और स्पष्ट करते हुए कहा कि कोर्ट चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देगा और अगर आपको जमानत दी जाती है और आप न तो ऑफिस अटेंड करेंगे, न फाइलों पर हस्ताक्षर करेंगे और लोगों को निर्देश देंगे।सिंघवी ने ऐसी शर्त का विरोध करते हुए कहा कि ऐसा कैसे हो सकता है। केजरीवाल पिछले डेढ़ साल से मुख्यमंत्री के तौर पर ही काम करते रहे जब जांच चल रही थी। जस्टिस खन्ना ने कहा कि अगर उन्हें अंतरिम जमानत दी जाती है तो वे ऑफिस अटेंड नहीं कर सकते। कोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री बने रहना आपकी च्वाइस है। यह मुद्दा कोर्ट के समक्ष विचारणीय नहीं है। लेकिन यहां सवाल कानून का नहीं शुचिता का मुद्दा है। पीठ ने कहा कि वह विचार करेगा कि अगर अंतरिम जमानत दी जाती है तो क्या शर्त लगाई जाएगी। सिंघवी ने कहा कि बिना अधिकार के (विदआउट पावर) क्या मतलब है। जस्टिस दत्ता ने कहा कि मामले की सुनवाई छुट्टियों से पहले पूरी नहीं हो पाएगी इसलिए कोर्ट चुनाव को देखते हुए अंतरिम जमानत देने पर विचार कर रहा है और कोर्ट जब आदेश देगा तो सुविधा संतुलन का भी ख्याल रखेगा।

# ईडी ने जब्त की सहारनपुर की शराब फैक्ट्री की 20.50 करोड़ की संपत्ति, फर्जी बार कोड लगाकर आपूर्ति करने का मामला



**लखनऊ, 08 मई [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब शुल्क चोरी के मामले में सहारनपुर के टपरी में स्थित देशी शराब की फैक्ट्री कोआपरेटिव कंपनी लिमिटेड की 18 कृषि योग्य भूमि सहित 20.50 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। कंपनी ने फर्जी बार कोड लगाकर फैक्ट्री में अवैध रूप से निर्मित शराब की आपूर्ति बाजार में की थी। इसके बाद पुलिस ने कंपनी के निदेशकों सहित गोरखधंधे में शामिल कर्मचारियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था।ईडी ने पुलिस द्वारा दर्ज मामले को ही आधार बनाकर धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अपनी जांच शुरू की थी। 29 जुलाई 2021 को ईडी की टीमों ने कंपनी के प्रबंध निदेशक प्रणय अनेजा के दिल्ली स्थित आवास व ओखला इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कंपनी के कारपोरेट आफिस सहित छह ठिकानों पर छापेमारी कर कई दस्तावेज व 11 लाख रुपये बरामद किए थे। ईडी ने मंगलवार को कंपनी की 18 कृषि भूमि सहित बैंक खाते में जमा 20.38 करोड़ रुपये की राशि जब्त की है।

ईडी की जांच में पता चला है कि सीसीएल के अधिकारियों ने सीएल-2 गोदाम मालिकों के साथ मिलीभगत कर सीएल 2 गोदाम मालिकों को एक ही गेट पास पर अवैध रूप से निर्मित देशी शराब की आपूर्ति के लिए फर्जी बारकोड और क्यूआर कोड बनाने की साजिश की थी। साथ ही बिना किसी कागजी कार्रवाई के विभिन्न शराब की दुकानों को शराब की आपूर्ति की थी। इससे सरकारी राजस्व को 34.73 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

# चार जून के बाद पक्का सत्ता से बाहर हो जाएंगे पीएम मोदी, चुटकी लेते हुए कांग्रेस नेता ने किया दावा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अपने अगले कार्यकाल के सौ दिन के प्लान पर चुटकी लेते हुए कहा कि चार जून के बाद वह चुनाव परिणामों के चलते सत्ता से बाहर हो जाएंगे।

इसलिए तब पूर्व पीएम चार जून के बाद बेफिक्री वाला सेवानिवृत्ति का जीवन जी सकेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वह चुनावी नतीजे नहीं मिलेंगे जिसके पीछे वह भाग रहे हैं। उन्हें एक और बहुमत नहीं मिलने वाला है। मोदी का तीसरे कार्यकाल का सौ दिन का प्लान सिर्फ दिखावा है। उन्होंने दावा किया कि आम चुनावों के शुरुआती चरणों में मतदान को देखते हुए यह साफ है कि विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए को निर्णायक नतीजे मिलेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान का जो दौर चला है वह तीसरे चरण के मतदान के खत्म होने के साथ ही विपक्ष की स्थिति को प्रभावी बना रहा है।

हर कोई दस साल के अन्याय काल से दुखी है। उन्होंने कहा कि हमने राष्ट्रव्यापी जाति और सामाजिक व आर्थिक जनगणना कराने का वादा किया है। हम आरक्षण से पचास प्रतिशत की सीमा (सुप्रीम कोर्ट की लगाई) भी हटा देंगे। चूंकि ज्यादातर राज्य इस कोटे की सीमा तक पहुंच चुके हैं। हालांकि कुछ नेता इसे असंवैधानिक मानते हैं।

# कैफे से लेकर सड़क तक चाकू घोंपता रहा पति, जान बचाने के लिए चीखती-चिल्लाती रही पत्नी और फिर...

**कोलकाता।** महानगर के करया थाना अंतर्गत बेक बागान इलाके में एक युवक द्वारा कैफे के भीतर और फिर बाहर सड़क पर चाकू घोंपकर पत्नी की हत्या करने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पुलिस ने आरोपित पति इर्तिकाब शकीब (29) को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना सोमवार शाम की है। मृतका का नाम अरिबा इकबाल (22) है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था और दोनों अलग रह रहे थे। खबर है कि शकीब को पत्नी की शिकायत पर पहले गिरफ्तार भी किया गया था और वह जमानत पर बाहर था। इस बीच शकीब व अरिबा सोमवार शाम बेक बागान के नसीरुद्दीन रोड स्थित एक कैफे में मिलने व बातचीत के लिए पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक दोनों के बीच कैफे के अंदर तीखी बहस शुरू हो गई, तभी शकीब ने अचानक अरिबा पर चाकू से हमला कर दिया। लहूलुहान अवस्था में अरिबा मदद के लिए चिल्लाते हुए बाहर भागी, लेकिन शकीब ने पीछा करते हुए सड़क पर दौड़ाकर पीछे से बार-बार उसपर चाकू से वार किया।इसके बाद आसपास के लोगों ने घायल अरीबा को उससे बचाकर गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना से गुस्साए स्थानीय लोग आरोपित पति को पकड़कर उसपर टूट पड़े और जमकर धुनाई की। फिर मौके पर पहुंची करया थाने की पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पत्नी अरिबा कोलकाता के तपसिया के कोहिनूर मार्केट इलाके की निवासी थी। वहीं, शकीब का घर बेक बागान में ही है। रिपोर्ट के अनुसार, शकीब और अरिबा की कुछ समय पहले शादी हुई थी लेकिन दोनों के बीच झगड़ा रहता था।

शकीब पहले भी अरीबा को मारता पीटता था और इसको लेकर अरिबा ने उसके खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला भी दर्ज करवाया था। शकीब को इस मामले में गिरफ्तार करके भेज दिया गया था। उसे बाद में जमानत मिल गई थी।बताया गया कि शकीब इस कैफे में अरिबा से समझौते व बातचीत करने आया था, तभी वह अचानक हमला करने लगा और अरिबा की जान ले ली।

## राजस्थान में आग उगल रहा सूरज, एमपी और पंजाब में भी तपती गर्मी से लोगों का बुरा हाल

**नई दिल्ली।** मौसम ने अपनी तपिश दिखानी शुरु कर दी है। तेज गर्मी और लू के कारण लोगों का बुरा हाल है। दिल्ली सहित अन्य राज्यों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। कल सबसे अधिक तापमान राजस्थान में 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद मध्य प्रदेश और पंजाब में रिकार्ड किया गया। देश के मैदानी क्षेत्र के सबसे गर्म शहरों में दमोह पांचवें नंबर पर रहा। दमोह में 44.8 डिग्री सेल्सियस और पंजाब में अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री पहुंच गया।

# जल जीवन घोटाला मामले में सीबीआई ने की प्राथमिकी दर्ज, जयपुर में रहने वाले ठेकेदारों द्वारा जारी फर्जी प्रणाणपत्र का हुआ इस्तेमाल




**जयपुर, 08 मई [एजेंसी]।**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राजस्थान में केंद्र द्वारा वित्त पोषित जल जीवन मिशन योजना में हुए कथित घोटाले के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में जयपुर में रहने वाले ठेकेदारों पदमचंद जैन और महेश मित्तल ने प्रदेश के जलदाय विभाग (पीएचईडी) से निविदाएं हासिल करने के लिए कथित तौर पर इण्डियन रेलवे कंस्ट्रक्शन इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा जारी फर्जी प्रणाणपत्र का इस्तेमाल किया था। सीबीआई ने श्याम ट्यूबवेल कंपनी और गणपति ट्यूबवेल कंपनी के मालिक जैन व मित्तल के साथ ही जलदाय विभाग के कार्यकारी अभियंता विशाल सक्सेना के खिलाफ कथित धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश रचने और जालसाजी सहित विभिन्न आरोप में मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार जैन और मित्तल ने फर्जी प्रमाण पत्र जलदाय विभाग में पेश किए थे इस बात का खुलासा जांच में हुआ था। आरोप है कि सक्सेना ने जानकारी होते हुए भी फर्जी प्रमाणपत्रों को सत्यापित किया था।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में जैन, मित्तल के साथ ही जलदाय विभाग के तीन अधिकारियों को राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था। इस मामले में ईडी ने प्रदेश के तत्कालीन जलदाय मंत्री महेश जोशी से भी पूछताछ की थी।

# चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सामूहिक रूप से आवाज उठाए विपक्ष कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने ईडी के खिलाफ विपक्षी नेताओं को लिखा पत्र




**नईदिल्ली, 08 मई [एजेंसी]।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के दो चरणों के मतदान के आंकड़े जारी करने में चुनाव आयोग की देरी पर सवाल उठाते हुए विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं को पत्र लिख चुनाव आयोग की स्वतंत्र कार्यप्रणाली की रक्षा करने के लिए सामूहिक आवाज उठाने की जरूरत बताई है। वोटिंग आंकड़े में विलंब के साथ ही चुनाव क्षेत्र के पंजीकृत मतदाताओं और मतदान करने वाले लोगों का आंकडा जारी नहीं करने पर चिंता जताते हुए आयोग से इसका कारण पूछा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए यह भी कहा हम सभी जानते हैं कि पहले दो चरणों में मतदान के रुझान और कमजोर होते चुनावी भविष्य से पीएम मोदी और भाजपा किस तरह घबराए हुए और निराश हैं। पूरा देश जानता है कि सत्ता के नशे में चूर एक निरंकुश शासन कुर्सी पर बने रहने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। आईएनडीआईए के वरिष्ठ नेता शरद पवार को लिखे पत्र की प्रति खरगे ने अपने एक्स पोस्ट पर जारी की। खरगे ने कहा कि हालिया घटनाक्रम से जाहिर है कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। तीसरे चरण की अंतिम पंजीकृत मतदाता सूची भी जारी नहीं की गई। खरगे ने आरोप लगाया है कि इससे चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर संशय के काले बादल मंडरा रहे हैं और अपने 52 साल के चुनावी जीवन में कभी भी अंतिम प्रकाशित आंकड़ों में मतदान प्रतिशत में इतनी अधिक वृद्धि उन्होंने नहीं देखी है। खरगे ने पूछा कि क्या ईवीएम को लेकर कोई समस्या है। पहले चरण के लिए मतदान की समाप्ति की तारीख और आंकड़ा जारी करने में हुए विलंब तक मतदान प्रतिशत में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि क्यों हुई है। मतदान आंकड़े में संसदीय क्षेत्र और संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में डाले गए वोट जैसे महत्वपूर्ण आंकड़ें क्यों नहीं जारी किए गए हैं। खरगे ने कहा है कि आयोग के अनुसार उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंटों के पास प्रत्येक मतदान केंद्र का सटीक मतदाता डेटा होता है। इसका मतलब है कि आयोग के पास यह आंकड़ा है तो फिर लोगों के लिए प्रकाशित करने से क्या रोक रहा है।

क्या चुनाव आयोजन की बुनियादी बातों में इस घोर कुप्रबंधन के लिए चुनाव आयोग को जवाबदेह बनाया जाएगा। इन सवालों के साथ खरगे ने कहा है कि सभी तथ्य हमें एक प्रश्न पूछने के लिए मजबूर करते हैं - क्या यह अंतिम परिणामों से छेड़छाड़ करने का प्रयास हो सकता है। पवार के साथ विपक्षी गठबंधन के सभी नेताओं से पत्र में खरगे ने आग्रह किया है कि सामूहिक रूप से सभी एकजुट होकर स्पष्ट रूप से ऐसी विसंगतियों के खिलाफ आवाज उठाएं क्योंकि हमारा एकमात्र उद्देश्य एक जीवंत लोकतंत्र की संस्कृति और संविधान की रक्षा करना है।

# अदालत में पेश हुईं पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल, ट्रंप के खिलाफ दी गवाही

**न्यूयार्क, 08 मई [एजेंसी]।**

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जारी यौन संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए पैसे देने के मामले में पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल ने मंगलवार को गवाही दी। गवाही के दौरान डेनियल 2006 में गोल्फ



टूर्नामेंट के दौरान हुई पहली मुलाकात की जानकारी दी।ट्रंप पर 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान यौन संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए डेनियल को 1.30 लाख डॉलर देने का आरोप है। हालांकि, ट्रंप ने डेनियल के साथ यौन संबंध बनाने से इनकार किया है और खुद को निर्दोष बताया। बता दें कि इस मामले में आदेशों का उल्लंघन करने पर अदालत अब तक पूर्व राष्ट्रपति पर 10 हजार डॉलर का जुर्माना लगा चुकी है। इसके साथ ही कोर्ट ने आदेशों के दोबारा उल्लंघन पर जेल भेजने की भी चेतावनी दी है।

45 वर्षीय पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल का वास्तविक नाम स्टेफनी क्लिफोर्ड है। उन्होंने गवाही के दौरान अभियोजकों के सवाल पर जूरी को बताया कि ट्रंप से उनकी पहली मुलाकात 2006 में लेक ताहो गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान हुई थी। वहां ट्रंप प्रतिस्पर्धी थे। डेनियल ने बताया कि फिल्म निर्देशित किए जाने की जानकारी ट्रंप ने उन्हें काफी स्मार्ट बताया।पोर्न स्टार ने बताया कि कुछ देर बाद ट्रंप के बॉडीगार्ड उनके पास आए और ट्रंप के साथ रात्रि भोज करने का निमंत्रण दिया। हालांकि, उन्होंने शुरुआत में मना कर दिया लेकिन एक प्रचारक द्वारा इससे फायदा होने की बात समझाने पर वह राजी हो गई। उन्होंने बताया कि होटल पहुंचने पर ट्रंप ने केवल पजामे में उनका स्वागत किया था। डेनियल ने बताया कि इस मुलाकात में उन्होंने पहनावे को लेकर उनका मजाक उड़ाया था। उन्होंने बताया कि वर्तमान पत्नी मेलानिया से शादीशुदा होने के दौरान उनके बीच अंतरंग संबंध बने। गवाही के दौरान ट्रंप काफी परेशान नजर आए।

# केरल में ट्रेन की चपेट में आकर हथनी की मौत, लोको पायलट के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पलक्कड़, 08 मई [एजेंसी]।**



कांजीकोड के पास ट्रेन की चपेट में आने से हथनी की मौत मामले में केरल के वन विभाग ने त्रिवेंद्रम मेल के लोको पायलट पर मुकदमा दर्ज किया है। कांजीकोड के पास सोमवार देर रात चेन्नई जा रही त्रिवेंद्रम मेल की चपेट में आने से हथनी की मौत हो गई थी। जिले में एक महीने के भीतर यह इस तरह की दूसरी घटना है। केरल के वन मंत्री एके सशींद्रन ने मंगलवार को कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ट्रेन की रफ्तार निर्धारित गति सीमा से अधिक थी। लोको पायलट के खिलाफ वन्यजीव अधिनियम के प्रासंगिक प्रविधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।अधिकारी ने कहा कि जांच से संकेत मिलता है कि ट्रेन की चपेट में आने के बाद हथनी घायल हो गई। दुर्घटना के लगभग 30 मिनट के बाद उसने दम तोड़ दिया। इससे पहले 13 अप्रैल को पलक्कड जिले में ट्रेन से कटकर एक अन्य हथनी की मौत हो गई थी।

# तीसरे चरण में 61.55 प्रतिशत मतदान, असम में सबसे ज्यादा तो महाराष्ट्र में सबसे कम पड़े वोट

**नईदिल्ली, 08 मई [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 लोकसभा सीटों पर 61.55 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान बंगाल में छिटपुट हिंसा की घटनाओं के बावजूद मतदान शांतिपूर्ण रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर में तो गृह मंत्री शाह ने अहमदाबाद में मतदान किया।तीसरे चरण में 75.30 प्रतिशत के साथ सबसे ज्यादा मतदान असम में हुआ है। वहीं, बंगाल में 73.93 प्रतिशत और सबसे कम 54.98 प्रतिशत मतदान महाराष्ट्र में हुआ है। 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने आज मतदान वाली 93 सीटों में से 72 सीटों पर जीत दर्ज की थी।बता दें कि पहले दो चरण में 543 में से 189 सीटों पर वोटिंग पूरी हो चुकी है। तीसरे चरण में 93 सीटों पर मतदान हुआ है। ऐसे में लगभग आधी सीटों पर मतदान हो चुका है, जबकि अगले चार चरण 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को होंगे। मतगणना चार जून को होगी। इस चरण में गृह मंत्री अमित शाह (गांधीनगर), शिवराज सिंह चौहान (विदिशा), ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), मनसुख मंडाविया (पोरबंदर), पुरुषोत्तम रूपाला (राजकोट), प्रल्हाद जोशी (धारवाड़), एसपी सिंह बघेल (आगरा), डिंपल यादव (मैनपुरी), सुप्रिया सुले (बारामती) और कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह (राजगढ़) से मैदान में हैं। उत्तर प्रदेश में 10 सीटों करीब 55.13 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव, भाजपा प्रत्याशी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और बसपा से शिवप्रसाद यादव मैदान में हैं। बेवर के गांव तेजगंज में मतदान केंद्र पर मारपीट और पथराव हुआ। आरोप है कि सपा कार्यकर्ता यहां पोलिंग डंप करने का प्रयास कर रहे थे। मौके पर पहुंचे भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह के पुत्र सुमित प्रताप सिंह ने विरोध किया तो अराजक तत्वों ने पथराव कर दिया। पथराव में सुमित प्रताप का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ (पैक्सफेड) के चेयरमैन की कार पर भी हमला हुआ। आरोप है कि हमलावरों ने अखिलेश यादव जिंदाबाद का नारा भी लगाया। संभल में फर्जी मतदान की शिकायत पर पुलिस ने लाठियां फटकारकर लोगों को बाहर निकाला। सपा प्रत्याशी के साथ पुलिस अधिकारियों की तीखी नोकझोंक भी हुई। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता मैनपुरी में बूथ लूटने की कोशिश कर रहे थे और विपक्षी दलों के लोगों को पुलिस स्टेशनों में हिरासत में लिया जा रहा था।चुनाव आयोग के अनुसार, बिहार की पांच सीटों पर 60 प्रतिशत मतदान हुआ है। हालांकि, यह पिछले लोस चुनाव से 01.22 प्रतिशत कम है। गुजरात की 25 सीटों पर 55.22 प्रतिशत मतदान हुआ है, जबकि सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुना जा चुका है। छत्तीसगढ़ में 70 प्रतिशत मतदान हुआ।

यहां नगरीय क्षेत्रों में कम और ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में ज्यादा मतदान हुआ है। अन्य राज्यों में, गोवा में 74.32 प्रतिशत, कर्नाटक में 66.05 प्रतिशत, दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव में 65.23 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में शाम पांच बजे तक 62.28 प्रतिशत मतदान हो चुका है।बंगाल की चार सीटों पर छिटपुट घटनाओं की घटनाओं के बीच कुल 73.93 प्रतिशत वोट पड़े। पिछले लोस चुनाव में इन चार सीटों पर कुल 81.66 प्रतिशत वोट पड़े थे। मुर्शिदाबाद के हरिहरपाड़ा में एक कांग्रेस नेता के घर पर बमबाजी की गई। आरोप तृणमूल पर लगा है। जंगीपुर में एक बूथ पर भाजपा प्रत्याशी धनंजय घोष की तृणमूल कार्यकर्ताओं से झड़प हो गई।

# पेट में जलन को शांत करने के लिए करें इन 5 खाद्य पदार्थों का सेवन

बढ़ते तापमान के बीच लोगों को पेट में जलन महसूस होने लगती है, जिसके कारण उलटी भी आ सकती हैं। अपच और एलर्जी इस समस्या के मुख्य कारण हो सकते हैं।पेट में लगातार हो रही जलन को ठीक करने के लिए डॉक्टर के पास जाना चाहिए।हालांकि, आप इस परेशानी का घरेलू उपचार करने के लिए खान-पान में इस्तेमाल होने वाली कुछ चीजों का उपयोग भी कर सकते हैं। इसे शांत करने के लिए ये खाद्य-पदार्थ खाएं।



केला

जब आपको अचानक पेट में जलन महसूस हो तो केला खाने से आराम मिल सकता है। केले एंटासिड से भरपूर हैं, जो आपके पेट की जलन से लड़ सकते हैं।इन प्राकृतिक एंटासिड प्रधावों के कारण केले को पचाना भी आसान होता है। यह अपच और बदहजमी जैसे लक्षणों को दूर करने में भी मदद कर सकता है।रोजाना अपनी डाइट में एक केला शामिल करने से आपके पेट का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और जलन ठीक होगी।

बेकिंग सोडा

रसोई में इस्तेमाल होने वाला बेकिंग सोडा भी पेट की जलन को शांत करने का कारगर उपाय होता है। बेकिंग सोडा को पानी के साथ मिलाने से यह काउंटर एंटासिड की तरह काम कर सकता है।यह खाद्य-पदार्थ पेट की एसिडिटी को कम करके अपच को दूर करने में मदद करता है। बेकिंग सोडा एक एल्कलाइन पदार्थ है, जो पेट के एसिड को बेअसर करके पेट की जलन, सूजन और गैस से राहत प्रदान कर सकता है।

च्युइंग गम

जब आपको किसी ऐसी जगह पर पेट में जलन शुरू हो जाए, जहां खाने की चीजें मिलना मुश्किल हो तो आप च्युइंग गम चबा सकते हैं। च्युइंग गम चबाना आपके पेट की परेशानियों को दूर करने का एक असरदार तरीका है।इससे मुंह में लार का उत्पादन बढ़ता है, जिससे खाने की नली में भरा एसिड साफ होता है। हालांकि, पुदीने के स्वाद वाला च्युइंग गम न खाएं।यह आपकी जलन की समस्या में इजाफा ला सकता है।

दूध

सभी के घर में रोजाना चाय का सेवन होता ही है, जो गैस और जलन को बढ़ा सकता है। इसके बजाए जलन महसूस होने पर आप एक गिलास ठंडा दूध पीएं।इसमें उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है, जो पेट में भरे एसिड को कम करता है। एसिड के कम हो जाने पर लिहाजा आपको अपच और अन्य पाचन संबंधी परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है।आप पेट का स्वास्थ्य दुरुस्त करने के लिए फेर्मेंटेड पेय पी सकते हैं।

सौंफ

सौंफ एक एंटीस्पास्मोडिक जड़ी बूटी है, जो अपच को दूर करने के लिए जानी जाती है। साथ ही यह आपको पेट में होने वाली जलन से भी आराम दिला सकती है।रोजाना भोजन करने के बाद एक चम्मच सौंफ खाएं, जिससे पेट में जलन की परेशानी खत्म हो जाएगी। सौंफ पेट में ऐंठन जैसी अन्य गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं को भी शांत करने में मदद करेगी।आप डाइट में सौंफ का पानी शामिल करके भी पेट को स्वस्थ रख सकते हैं।

# पैर पर पैर रखकर बैठते हैं तो हो जाएं सावधान, बिगड़ सकती है सेहत

**पैर पर पैर रखकर बैठना बहुत से लोगों की आदत होती है. ऐसा करना उन्हें कंफर्टेबल लगता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना हानिकारक हो सकता है. एक पैर के ऊपर दूसरा पैर चढ़ाकर बैठने से पेल्विक एरिया में बोन एलाइनमेंट की समस्या हो सकती है. इससे ब्लड सर्कुलेशन भी प्रभावित हो सकता है. रिसर्च में पाया गया है कि क्रॉस लेग बैठने वालों में कई परेशानियां होती है. ऐसे में आइए जानते हैं क्रॉस लेग पोस्चर सेहत पर कैसे असर डालता है...**



**पैर पर पैर रखकर बैठने के नुकसान**

हाई ब्लड प्रेशर की प्रॉब्लम

बीपी चेक करते समय दोनों पैरों को डॉक्टर जमीन पर रखने को कहते हैं. क्या आपने सोचा है कि ऐसा क्यों किया जाता है. दरअसल, जमीन पर दोनों पैर रखने से ब्लड फ्लो बेहतर रहता है. रिसर्च में पाया गया है कि पैर पर पैर रखकर बैठने से ब्लड प्रेशर टेम्परेरी स्पाइक होने का जोखिम हो सकता है. ऐसा घुटनों से पैरों को क्रॉस करके बैठने से होता है.

वैरिकोज वेन्स की परेशानी

जब खून ब्लड वेन्स से गुजरते हुए हार्ट तक नहीं पहुंच पाते या पंपिंग होने के बावजूद ब्लड फ्लो में परेशानी होती है, तब वेन्स में ब्लड बैक फ्लो होने लगता है, इससे वैरिकोज वेन्स की समस्या हो सकती है. इसका असर शरीर के कई अंगों पर पड़ सकता है. ऐसा ब्लड क्लॉट की वजह से होता है. क्रॉस लेग करके बैठने से कई और समस्याएं हो सकती हैं.

**प्रेगनेंसी में समस्या**

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर प्रेगनेंट महिलाएं क्रॉस लेकर करके बैठती हैं तो इस पोस्चर से उन्हें परेशानी हो सकती है. दरअसल, इस दौर में महिलाओं के शरीर में कई बदलाव होते रहते हैं. इनमें मसल्स क्रैम्प, पीठ दर्द काफी आम है. जब महिला पैर पर पैर रखकर बैठती है तब मां के साथ ही बच्चे को भी नुकसान पहुंच सकता है. इससे लेग क्रैंप, जॉइंट पेन जैसी दिक्कतें आ सकती हैं.



## राशि खन्ना ने ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस में कराया हॉट फोटोशूट

फर्जी वेब सीरीज से फेम हासिल करने वाली अदाकारा राशि खन्ना सोशल मीडिया पर भी काफी लोकप्रिय हैं. आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से यूजर्स को घायल करती रहती हैं. एक्ट्रेस राशि खन्ना आए दिन इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर के फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देता है। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में राशि खन्ना का कातिलाना अंदाज देखकर फैंस उन पर अपना दिल हार गए हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने हॉट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपका दिल धक-धक करने लग जाएगा. राशि खन्ना ने ब्लैक कलर का ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहना है. लाइट मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है और कैमरे के सामने सेक्सी पोज देते दिखाई दे रही हैं. एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वारल हो रही है.

साथ ही उनके फैंस अपनी चहेती की हॉटनेस देख घायल हो गए हैं और तारीफ करते नहीं थक रहे हैं.

राशि खन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें लाखों लोग फॉलो करते हैं।

## अल्लू अर्जुन के मास ट्रैक पुष्पा-पुष्पा ने किया वर्ल्डवाइड धमाका

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की मोस्ट से भी मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 द रूल की रिलीज का इंतजार तो उनके फैंस बेसब्री से कर रहे है. फिल्म का हाल ही में पहला गाना पुष्पा-पुष्पा रिलीज हुआ है. सॉन्ग पुष्पा-पुष्पा तेलुगू और दिंही समेत 6 भाषाओं में रिलीज हुआ है. पुष्पा-पुष्पा में अल्लू अर्जुन का डांस एक बार फिर छा गया है. इसमें साउथ सुपरस्टार के तीन पॉपुलर स्टेप्स हैं, जिसमें शूज, चाय और मोबाइल स्टेप्श शामिल हैं. अब सॉन्ग पुष्पा-पुष्पा यूट्यूब पर धमाल मचा रहा है.



## अक्षय कुमार की हाउसफुल 5 में नजर आएंगे अभिषेक बच्चन, जल्द शुरू होगी शूटिंग

साजिद नाडियाडवाला की कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल को दर्शकों ने खूब प्यार दिया . अब तक इसकी 4 फिल्में आ चुकी हैं और अब इस फिल्म के 5वें पार्ट का इंतजार है. फैंस भी हाउसफुल 5 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अब तक फिल्म को लेकर कोई खास अपडेट नहीं आया है लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की स्टारकास्ट में एक और नाम जोड़ दिया है. इसका ऐलान मेकर्स ने सोशल मीडिया पर भी कर दिया है. साजिद नाडियाडवाला की फिल्म हाउसफुल 5 का ऐलान पिछले साल किया था. तभी से फैंस इसकी हर एक अपडेट पाने के लिए बेकरार थे. वहीं अब साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म के स्टारकास्ट में से एक नए नाम को रिवील कर दिया है. साजिद ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर बताया है कि हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है. जी हां, साजिद के बेटे ने अपने इंस्टाग्राम पर अभिषेक बच्चन और साजिद की एक तस्वीर पोस्ट की है. इसके साथ ही कैप्शन में ये भी जानकारी दी है कि फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है. कैप्शन में लिखा है- हम लोग ऐलान करते हैं कि हाउसफुल 5 में फिर से अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है. हम उन्हें वापस पाकर बहुत खुश हैं. अभिषेक बच्चन ने भी फिल्म में वापसी करने के बाद अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है. एक्टर ने कहा कि- हाउसफुल मेरी फेवरेट कॉमेडी फ्रचाइंची है. अब इस फिल्म में वापस आकर बिल्कुल घर जैसा फील हो रहा है. साजिद नाडियाडवाला के साथ काम करना हमेशा बहुत खुशी की बात रही है. मैं अपने साथी कलाकारों अक्षय और रितेश के साथ सेट पर जमकर मस्ती करने के लिए भी बहुत एक्साइटिड हूं. मैं अपने प्यारे दोस्त तरुण मनसुखानी के साथ फिर से काम करने के लिए बहुत एक्साइटिड हूं. मैं दोस्ताना के बाद अब उनके साथ दोबारा काम करने जा रहा हूं. फिल्म में अभिषेक के साथ ही रितेश देशमुख और अक्षय कुमार भी नजर आएंगे. इसके अलावा रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में इस बार अनिल कपूर और नाना पाटेकर भी नजर आने वाले हैं. इसके अलावा चंकी पांडे का भी किरदार इस फिल्म में देखने को मिलेगा. फिल्म की रिलीज की बात करें तो ये फिल्म अगले साल यानी 2025 में 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.



## नम्रता सेठ ने किया खुलासा, गर्मियों में किस तरह रखती हैं अपनी बालों और स्किन का ध्यान

एक्ट्रेस नम्रता सेठ ने बताया कि वह गर्मियों में कम से कम मेकअप करना पसंद करती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि उनकी स्किन अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहे।

वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग में अपने काम के लिए मशहूर नम्रता ने अपने समर स्किनकेयर और हेयरकेयर रूटीन के साथ-साथ फिटनेस मंत्र के बारे में भी बात की।

नम्रता सेठ ने कहा, गर्मियों के लिए मेरा स्किन केयर रूटीन यह है कि जितना संभव हो उतना कम मेकअप करती हूं, अपनी स्किन को लाइटवेट सीरम और सनस्क्रीन के साथ सुपर हाइड्रेटेड रखने की कोशिश करती हूं, ताकि मैं चिलचिलाती धूप से बच सकूं। मैं बस इतना ही करती हूं, अपने चेहरा को हर समय साफ और हाइड्रेटेड रखती हूं, और बहुत सारे प्रोडक्ट्स या हैवी मेकअप लगाने से बचती हूं, क्योंकि गर्मियों में पसीना बहुत आता है।

अपनी डू इट योरसेल्फ रूटीन के बारे में, नम्रता ने कहा, मैं घर पर खीरे को पीसकर और फिर उसे दही के साथ मिलाकर अपने चेहरे पर लगाती हूं। हमारे पास बहुत सारी नेचुरल रेमेडी हैं, जो हमारी माएं और दादी-नानी सालों से करती आ रही हैं, जैसे उबटन। मैं जितना हो सके, पानी पीती हूं।



नम्रता ने आगे बताया कि कैसे शूटिंग के चलते गर्मी से उनके बालों को नुकसान पहुंचता है, जो दुर्भाग्य से उनके प्रोफेशन के लिए सही नहीं है।

उन्होंने कहा, मैं हर महीने हेयर स्पा लेने की कोशिश करती हूं। यह एक तरह का इन्वेस्टमेंट है, जिसे मुझे आजमाना होगा। यह मेरे बालों के नुकसान को कम करता है। जब मैं घर पर होती हूं, तो मैं अपने बालों में तेल लगाकर रखती हूं, जिससे मेरे बालों की ग्रोथ हो सके। मैं अपने बालों को कंडीशन करने की कोशिश करती हूं।

अपनी फिटनेस रूटीन के बारे में बात करते हुए नम्रता ने कहा, मैं हर दिन किसी न किसी तरह की फिटनेस रूटीन को शामिल करने की कोशिश करती हूं, भले ही वह कम दूरी की वॉक ही क्यों न हो। मुझे लगता है कि एक्टिव रहना वास्तव में जरूरी है, एक्टिव रहने से आपका मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। मैं अपने दिन की शुरुआत मेडिटेशन से करती हूं। इसके बाद मैं अपनी बॉडी को एक्टिव रखने के लिए या तो जिम जाती हूं या डांस या बॉक्सिंग क्लास...

## द फैमिली मैन सीजन 3 की शुरू हुई शूटिंग

मनोज बाजपेयी की मोस्ट पॉपुलर सीरीज द फैमिली मैन सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली सीरीज में से एक है। वहीं दूसरे सीजन के लिए रिन्यू की गई इस सीरीज की स्टार कास्ट को बहुत प्यार मिला है और दर्शक इसके तीसरे पार्ट का लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे थे जो की अब खत्म हो चुका है। प्राइम वीडियो ने द फैमिली मैन 3 की शूटिंग को लेकर अपडेट शेयर कर दी है। इस सीरीज का तीसरा सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। डायनेमिक जोड़ी राज और डीके की द फैमिली मैन 3 से एक बार फिर मनोज बाजपेयी श्रीकांत तिवारी बन धमाका करने को तैयार हैं। मनोज बाजपेयी ने आखिरकार फैमिली मैन 3 की शूटिंग शुरू कर दी है। प्राइम वीडियो ने सोशल मीडिया पर तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू होने की घोषणा करते हुए स्टार कास्ट की तस्वीर भी शेयर की है। अपकमिंग सीरीज को राज और डीके की जोड़ी ने अपने बैनर डी2आर फिल्म्स के तहत बनाया है।

## शब्द सामर्थ्य -050


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 049 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

## आनंद देवराकोंडा की फिल्म गम गम गणेशा की आकर्षक पोस्टर के साथ रिलीज डेट भी आई सामने

युवा अभिनेता आनंद देवराकोंडा, जिन्होंने डोरसानी, मिडिल क्लास मेलोडीज़ और पुष्पका विमानम जैसी फिल्मों से टॉलीवुड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, ने साई राजेश द्वारा निर्देशित बेबी के साथ अपने करियर की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाई। वह अब गम गम गणेशा नाम से एक एक्शन एंटरटेनर लेकर आ रहे हैं। हाल ही में जारी दिलचस्प फर्स्ट लुक, टीज़र और गाने ने सभी का ध्यान खींचा। प्रगति श्रीवास्तव ने मुख्य भूमिका निभाई है। गम गणेशा उदय शेट्टी द्वारा लिखित और निर्देशित है। फिल्म का निर्माण हाई-लाइफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले केदार सेलागामाशेट्टी और वामसी करुमांची द्वारा किया गया है। आज, निर्माताओं ने एक आकर्षक पोस्टर के साथ बहुप्रतीक्षित रिलीज़ डेट की घोषणा की। पोस्टर में आनंद देवरकोंडा एक चट्टान पर खड़े होकर बंदूक से फायरिंग करते नजर आ रहे हैं, जिसमें से गुलाब की पंखुड़ियां निकल रही हैं. पोस्टर का बैकग्राउंड लाल रंग से भरा है और तारीख पीले रंग में रखी गई है। यह फिल्म 31 मई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। सिनेमाघरों में कॉमेडी, अराजकता और भ्रम बहुत जल्द शुरू हो जाता है। निर्माता मई की शुरुआत से क्रिएटिव प्रमोशन की योजना बना रहे हैं। चैतन भारद्वाज ने गम गम गणेशा के लिए संगीत तैयार किया है। कार्तिका श्रीनिवास आर फिल्म की संपादक हैं।






# मतदाताओं ने मतदान के महापर्व में लिया हिस्सा, बुजुर्ग व द्विव्यांग मतदाता बने मिसाल

**कोरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत तृतीय चरण का मतदान आज कोरबा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमाक-04 के तहत कोरिया जिले के मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में बदलते मौसम व खुशनुमा वातावरण के बीच मतदान किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने बताया कि जिले के सभी 306 मतदान केंद्रों पर व्यवस्थित तरीके से मॉक पोल कराने के बाद सभी मतदान केंद्रों पर मतदान प्रारम्भ निर्धारित समय पर शुरू हो गया था। गर्मी व उमस के बावजूद सभी मतदान केंद्रों में मतदाता कतार में लगकर मतदान कर रहे थे।

विभिन्न मतदान केंद्रों में लोकतंत्र के महापर्व मतदान में शामिल होने के लिए बड़ी सँख्या में मतदाता कतार में लगे हुए थे। संगवारी, आदर्श, युवा, द्विव्यांग एवं अन्य मतदान केंद्रो में स्वास्थ्य कर्मी द्वारा मतदाताओ को ओआरएस घोल बनाकर दे रहे थे, वहीं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा बड़ी संख्या में विभिन्न मतदान केन्द्रों में शिशुवती माताएं मतदान करने कतार में लगी हुई थी।

लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी वर्ग के मतदाता वोट डालकर अपनी सहभागिता निभा रहे थे। इसी कड़ी में बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के चेहरा पारा वार्ड क्रमांक 2 निवासी 90 वर्षीय श्री कतवारी राम ने उत्साह पूर्वक मतदान करके अपना फ़र्ज़ अदा किया। इस उम्र में मतदान करने का जो कार्य किया, इसे उनके जज्बे और मतदान के प्रति जागरूकता ही माना जाएगा साथ ही अन्य मतदाताओं के लिए प्रेरणा भी बने।

सोनहत जनपद पंचायत के दूरस्थ मतदान केंद्रों में भी बड़ी सँख्या में मतदाता मतदान करने के लिए पहुंचे हुए हुए थे। सोनहत जनपद के अंतर्गत ग्राम बड़वार- पहाड़पारा, मतदान केंद्र 192 में मतदान करने पहुंचे 70 वर्षीय श्रीमती कैलाशो बाई और करीब 73 वर्षीय किशुन राजवाड़े ने हंसते हुए बताया कि हम तो वोट डाल दिए हैं, अपना काम कर दिए, बाकी मतदाता भी वोट डालने पहुंचे।

सोनहत जनपद के अंतर्गत मतदान केंद्र 203 कछार में दिव्यांग मतदाताओं को स्काउट के छात्रों ने व्हील चेयर में बैठाकर मतदान केंद्र तक पहुंचाने में लगे रहे। अपने कर्तव्य को भली भांति समझते हुए सेवाभावी कार्य कर एक मिसाल दी है।

मतदान दिवस के अवसर पर बैकुंठपुर के मतदान क्रमांक 118 चेर में मतदान करने पहुंची एक ही परिवार के सास, दो बहुएं, एक भाभी और एक बहन ने उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा ली। सास श्रीमती





रानू राजवाड़े, बहुएं श्रीमती संगीता राजवाड़े, श्रीमती खुशबू राजवाड़े, भाभी श्रीमती बुध्यारो राजवाड़े और बहन गंगा राजवाड़े बहुत प्रसन्न होकर मतदान केंद्र से बाहर निकली और सेल्फी भी ली। इस अवसर पर श्रीमती रानू राजवाड़े ने कहा कि हम सबको मतदान देने का अधिकार मिला है, इसलिए सभी मतदाताओं को मतदान करना चाहिए। देश के विकास में मतदान का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

संभवत: प्रदेश के सबसे कम मतदाता वाले मतदान केन्द्र भी इसी जिले के शेराडाँड़ मतदान केंद्र क्रमांक 143 है। जहाँ 3 पुरुष एवं 2 महिला यानी कुल 5 मतदाताएँ हैं। और इस मतदान केन्द्र में सबसे पहले लगभग सुबह 9 बजे के पूर्व ही शतप्रतिशत मतदान होने वाला मतदान केंद्र बन गया। शेराडाँड़ मतदान केन्द्र जिले के सोनहत जनपद पंचायत में सुदूर वनांचल में स्थित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने समस्त मतदाताओं के प्रति लोकतंत्र में अपनी शत प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए आभार व्यक्त किया है। कोरिया कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह, उनकी पत्नी श्रीमती डॉ. एकता लंगेह बैकुंठपुर के ओड़गी मतदान केंद्र 131 में पहुंचे और कतार में लगकर मतदान किए। इस दौरान उन्होंने सभी से वोट डालने की अपील की और सेल्फी भी ली।

ग्राम अमरपुर निवासी राजकुमार फिलहाल मुंबई में काम कर रहे हैं। विगत दिनों कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह एवं सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने श्री राजकुमार से वीडियों कॉल करके यहां मतदान करने के लिए अपील की थी। श्री राजकुमार ने आने की सहमति दी थी। उन्होंने अपनी माटी का मान रखते हुए मुंबई से आकर आज मतदान किया। श्री राजकुमार ने मतदान के प्रति जो जागरूकता और ललक दिखाई है वह प्रेरणा है।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले के 153 मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की गई और इसकी लगातार रिपोर्ट ली जा रही थी। निगरानी सजग रखने के लिए जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने वेब कास्टिंग मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और केन्द्र की निगरानी रख रहे अधिकारियों से किसी भी असामान्य स्थिति पर तुरंत वहां के पीठासीन अधिकारी को सूचित करने और सेक्टर अधिकारी को भी अवगत कराने के निर्देश दिए थे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

भीषण गर्मी, उमस व बदलते मौसम को देखते हुए मतदाताओं के लिए सभी मतदान केन्द्रों में शीतल पेयजल, छाँव, कूलर-पंखा, विश्राम कक्ष, स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था की गई थी। वहीं बुजुर्गो, दिव्यांग, गर्भवती महिलाओं को मतदान कराने में प्राथमिकता दी जा रही थी।

बैकुण्ठपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 03 के अंतर्गत 228 मतदान केन्द्रों में पुरुष मतदाताओं की संख्या 85 हजार 132 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 85 हजार 639 एवं तृतीय लिंग मतदाता 6 है। इस तरह कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 70 हजार 777 है। बैकुण्ठपुर विधानसभा के तहत सुबह 9 बजे 12 हजार 218 पुरुष मतदाता तथा महिला मतदाता 12 हजार 538 ने मतदान किये थे। सुबह 11 बजे 29 हजार 168 पुरुष मतदाता तथा 30 हजार 109 महिला मतदाताओं ने मतदान किये थे। दोपहर 1 बजे 44 हजार 109 पुरुष मतदाता तथा 45 हजार 775 महिला मतदाताओं ने मतदान किये थे। दोपहर 3 बजे 55 हजार 595 पुरुष मतदाता तथा 56 हजार 719 महिला मतदाताओं ने मतदान किये थे। शाम 5 बजे तक 65 हजार 715 पुरुष मतदाता तथा 65 हजार 605 महिला मतदाता तथा 3 तृतीय लिंग मतदाताओं ने मतदान में भाग लिए। इस तरह शाम 05 बजे तक मिली जानकारी के अनुसार 76 प्रतिशत से अधिक मतदान हुए हैं।

## बैकुण्ठपुर विधानसभा में 80.16 प्रतिशत व सोनहत में 87 प्रतिशत मतदान

**कोरिया।** बैकुण्ठपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 03 के अंतर्गत 228 मतदान केन्द्रों में पुरुष मतदाताओं की संख्या 85 हजार 132 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 85 हजार 639 एवं तृतीय लिंग मतदाता 6 है। इस तरह कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 70 हजार 777 है। मिली जानकारी के अनुसार शाम 7 बजे तक 81.41 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने मतदान किये, वहीं 78.93 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किये है। इस तरह अबतक 80.16 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं विधानसभा सोनहत (आंशिक) में 78 मतदान केन्द्रों में पुरुष मतदाता 18 हजार 231 तथा महिला मतदाता 18 हजार 321 पंजीकृत थे। इनमें से 15 हजार 945 पुरुष मतदाता तथा 15 हजार 934 महिला मतदाताओं ने मतदान किये। इस तरह अनंतिम आकड़े के अनुसार 87 प्रतिशत मतदान हुए हैं।

लोकसभा निर्वाचन 2024

## मतदान कराकर सकुशल लौटे दल का हुआ अभिनंदन



**कोरिया।** जिले में निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया पूरी कराकर मतदान दल वापस आने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने रामानुज विद्यालय परिसर में पहले मतदान दल का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया और उन्हें लोकतंत्र के महत्वपूर्ण पर्व के बेहतर सम्पादन के लिए धन्यवाद दिया। जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र निग्नोहर मतदान केंद्र क्रमांक 137 में नियुक्त दल के सदस्य सबसे पहले रामानुज विद्यालय परिसर में पंहुचे। इस दल के पीठासीन अधिकारी हरिशंकर साहू और उनके साथ दल में नियुक्त पूरन लाल, सईद अनवर खान और शिवबालक केवट का सुरक्षा बल के साथ पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी और लोकसभा निर्वाचन की सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कोरिया जिले में लोकसभा क्षेत्र कोरबा के लिए आज मतदान सम्पन्न हुआ और सभी मतदान केंद्रों में निष्पक्ष चुनाव पूर्ण करा लिया गया है।

## शेराडाँड़ में शत प्रतिशत मतदान



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के शेराडाँड़ मतदान केंद्र क्रमांक 143 में जहाँ 3 पुरुष 2 महिला यानी कुल 5 मतदाताएँ हैं। आज सुबह 9 बजे के पूर्व ही प्रदेश का एकमात्र शतप्रतिशत मतदान कराने वाला मतदान केंद्र बना। शेराडाँड़ मतदान केंद्र कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत में सुदूर वनांचल में स्थित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने समस्त मतदाताओं के प्रति लोकतंत्र में अपनी शत प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए आभार व्यक्त किया है।

## मतदाताओ में मतदान को लेकर रहा उत्साह

**बैकुंठपुर।** जिले के सोनहत जनपद पंचायत के दूरस्थ मतदान केंद्रों में भी बड़ी सँख्या में मतदाता मतदान करने के लिए पहुंचे हुए हैं। सोनहत जनपद के अंतर्गत ग्राम बड़वार- पहाड़पारा, मतदान केंद्र 192 में मतदान करने पहुंचे 70 वर्षीय श्रीमती कैलाशो बाई और करीब 73 वर्षीय किशुन राजवाड़े ने हंसते हुए बताया कि हम तो वोट डाल दिए हैं, अपना काम कर दिए, बाकी मतदाता भी वोट डालने पहुंचे। इस मतदान केंद्र में 230 महिला मतदाता हैं तथा पुरूष मतदाताओ की संख्या 220 है ।मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए छांव, ठंडा पानी, कूलर, ओआरएस की घोल की समुचित व्यवस्था की गई है।

## एक परिवार की पांच पीढ़ियों ने एक साथ किया मतदान

**बलरामपुर।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को बलरामपुर रामानुजगंज जिले में शांति पूर्वक मतदान सम्पन्न हुआ। नगर एवं ग्रामीण इलाकों में युवाओं से लेकर बुजुर्ग मतदाताओं में मतदान करने भारी उत्साह नजर आया। युवा, बुजुर्ग, पुरूष एवं महिलाओं के साथ दिव्यांग मतदाता मतदान के इस महापर्व में बढ़-चढ़ के हिस्सा लिए। लोकसभा चुनई तिहार 2024 के तहत जिले में सुबह सात बजे से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। इसी कड़ी में लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लेने लोगों में ऐसा उत्साह भी देखने को मिला जहां कई पीढ़ियां एक साथ मतदान केन्द्रों में मतदान करने पहुंचे।



इसमें विधानसभा रामानुजगंज के ग्राम पंचायत ओबरी के मतदान केन्द्र सेमली 164 में बुजुर्ग मतदाता 95 वर्षीय लीला सिंह अपने पांचवी पीढ़ी जो पहली बार मतदान कर रहे 18 वर्षीय अमन सिंह के साथ लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने एक साथ मतदान किया। उन्होंने बताया कि मतदान कर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने प्रशासन द्वारा मतदाताओं के लिए किए गए सुविधाओं की भी प्रशंसा की। इसी प्रकार विधानसभा प्रतापपुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 70 में तीन पीढ़ियों ने एक साथ मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। विधानसभा सामरी के शंकरगढ़ में भी मतदान केन्द्र में एक साथ दादी, मां एवं दो बेटियां ने मतदान करने आई। उनकी यह सहभागिता न केवल महिलाओं अपितु समाज के लिए भी प्रेरणा बनी। उनकी यह निष्ठा और सामाजिक सहयोग के माध्यम से समाज में विकास के लिए अग्रसर हो रही हैं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग निरंतर प्रयासरत है, जहां 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई। गुलबस कमरो जिनकी उम्र 90 वर्ष है जिन्होंने मतदान केंद्र में आकर मतदान किया। मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा दी गई लेकिन इनका मतदान केन्द्र में पहुंच कर मतदान देने का निर्णय सराहनीय है। गुलबस कमरों जैसे कई बुजुर्ग माताओं ने मतदान कर संदेश दिया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के विधानसभा क्षेत्रों में बुजुर्ग-दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में विशेष सुविधा प्रदान की गई है। बुर्जुगों एवं दिव्यांगों के लिए मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर के साथ मतदाता मित्र लगाए गए थे जो मतदान कक्ष तक ले जाने में उनकी सहायता किये। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस को निश्शुल्क परिवहन (मतदाता रथ) की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। मतदाता रथ के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों पूर्व में चिन्हांकन किया गया था। उनको मतदान दिवस उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने के पश्चात् मतदान करने के बाद वापस उनके निवास स्थल तक पहुंचाया गया। विधानसभा रामानुजगंज के अंतर्गत मतदान केन्द्र 171 में मतदाता रथ का लाभ लेते हुए मतदान केन्द्र तक पहुंचे महेश्वर मिंज जिनकी आयु लगभग 80 वर्ष तथा कपिलदेव जो 80 वर्ष के हैं मतदान केन्द्र में मतदान करने थे बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा की गई यह व्यवस्था बहुत ही अच्छी है। इस मतदाता रथ की वजह से हम अपने घरों से निकल कर मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान करने पाये, इसलिए हम जिला प्रशासन को धन्यवाद भी देते हैं।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं को उनके सहयोग के लिए किया आभार व्यक्त

**सूरजपुर।** जिले के मतदाताओं द्वारा लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। जिसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास द्वारा जिले के सभी मतदाताओं को उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा जिले के सभी मतदाता सुबह 07:00 बजे से मतदान के लिए कतार में खड़े आये, जो कि उनके जागरूक मतदाता होने का परिचय देता है। इसके साथ ही उन्होंने निर्वाचन के कार्य में अपना योग देने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मतदाताओं के लिए पेयजल, शेड व पंखे की व्यवस्था, मतदाताओं ने जताई खुशी

**सूरजपुर।** मतदान दिवस पर जिले के मतदाता सुबह 7:00 बजे से मतदान केंद्र में लंबी कतार में नजर आए। जहां प्रशासन द्वारा उनके लिए पेयजल, शेड, पंखे ओआरएस कॉर्नर व प्राथमिक उपचार की मूलभूत बुनियादी सुविधा रखीं गई थी। आदर्श मतदान केंद्र में बच्चों के लिए प्ले जोन भी बनाया गया था। इसके साथ ही संगवारी मतदान केंद्र में जहां महिलाओं ने मोर्चा संभाला रखा था, जहां मतदाताओं द्वारा बिना किसी असुविधा के मतदान किया जा रहा था। एनएसएस और स्काउट गाइड के मतदान मित्र द्वारा वरिष्ठ और दिव्यांग जनों को लगातार सहयोग प्रदान किया जा रहा था। जिस पर वरिष्ठ और दिव्यांगजन द्वारा खुशी भी व्यक्त की गई। जिले के मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र में सभी मूलभूत सुविधाओं पर फोकस किया गया था ताकि मतदाता के अनुभव को ओर बेहतर किया जा सके।

### मतदाताओं ने मतदान की प्रक्रिया में लिया बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**सूरजपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले के मतदाताओं में मतदान के लिए अभूतपूर्व उल्लास एवं उत्साह रहा। जिले के मतदाता सुबह 07:00 बजे से ही लंबी कतारों में नजर आए। जिसके सुखद परिणाम भी देखने को मिले। जहां 11:00 बजे की स्थिति में जिले का वोटिंग 35 प्रतिशत (लगभग), वहीं प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार 05:00 बजे की स्थिति में जिले का वोटिंग 75.44 प्रतिशत (लगभग) के आसपास मतदान प्रतिशत पाया गया। जिसका श्रेय जिले के जागरूक मतदाताओं को जाता है।



## मतदान करने आए लोगों पर मधुमक्खियों ने किया हमला

**कुसमी।** बलरामपुर रामानुजगंज जिले के एक मतदान केंद्र में उस समय भगदड़ मच गई जब वहां पास में स्थित एक विशाल पेड़ में डेरा डाले मधुमक्खियों ने ग्रामीण मतदाताओं पर हमला कर दिया। इस घटना में पांच लोग घायल हो गए जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना कुसमी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत जवाहरनगर पोलिंग बूथ क्रमांक 224 की है। यहां दोपहर में मतदान चल रहा था। काफी संख्या में ग्रामीण यहां मतदान केंद्र के बाहर खड़े थे। भीषण गर्मी के बीच पीपल पेड़ में लगे छत्ते से मधुमक्खियों के झुंड ने लोगों पर हमला कर दिया। इससे वहां भगदड़ मच गई। मधुमक्खियों के हमले में पांच लोग घायल हो गए जिनका उपचार नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार सभी मरीज खतरे से बाहर है। बता दे कि यह क्षेत्र भाजपा के सांसद प्रत्याशी चिंतामणि महाराज के गृहग्राम से लगा हुआ है।

## बिजली गुल हुई तो मोबाइल के फ्लश लाइट का उपयोग किया मतदान कर्मचारियों ने

**अंबिकापुर।** मतदान के बीच दोपहर तीन बजे आंधी तूफान और बारिश ने मतदान में व्यवधान उत्पन्न किया था। इस दौरान टेंट ,पंडाल के गिर जाने बिजली गुल होने और बारिश तूफान की वजह से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केंद्रों में परेशानी हुई। बिजली बाधा के कारण मतदान केंद्रों में अंधेरा हो जाने पर तत्काल पेट्रोमेक्स,बड़े टार्च की व्यवस्था की गई। एक-दो मतदान केंद्रों में कर्मचारी मोबाइल का लाइट जलाकर काम करते दिखे। उदयपुर के दूरस्थ रामनगर, उदयपुर, परोगिया, फतेहपुर, सालही सहित दर्जनों मतदान केंद्रों में कुछ देर के लिए मतदान बाधित रहा। प्रशासनिक अमला द्वारा अचानक बिगड़े मौसम और बिजली गुल होने के समस्या का समाधान करते हुए पेट्रोमैक्स और इमरजेंसी लाइट की व्यवस्था कर मतदान को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया है।

## हवा के साथ तेज बारिश से पेड़ गिरे, आवागमन बाधित

**बिश्रामपुर।** सोमवार की दोपहर एकाएक तेज हवा के साथ जमकर हुई बारिश की वजह से नगर समेत जिले घर के अनेक ग्रामों में पेड़ों के गिरने से लोगों को काफी क्षति का सामना करना पड़ा। जगह-जगह लगे होर्डिंग्स के उड़ गए एवं मतदान केंद्र स्थलों के बाहर लगे राजनीतिक दलों के पंडाल धराशायी हो गए। एसईसीएल की वन बी कॉलोनी में एसईसीएल के कर्मचारी के आवास का पेड़ गिर जाने से उनके आवास में सामने से निकलने वाला रास्ता बंद हो गया। सोमवार की दोपहर को मौसम का मिजाज अचानक बिगड़ गया और तेज हवा के साथ जमकर बारिश हुई। हवा के साथ हुई बारिश में एसईसीएल की नगर में स्थित वन बी कॉलोनी के आवास क्रमांक 26 एवं 27 के बीच की चार दीवारी ध्वस्त हो गई। वही एसईसीएल के सर्वेयर बृजेश त्रिपाठी के आवास क्रमांक 26 के परिसर में लगा विशालकाय आम का पेड़ ध्वस्त होकर उनके आवास के सामने से निकलने वाले दरवाजे के सामने गिर गया। जिसकी वजह से उनके आवास में सामने से निकलने का रास्ता पूरी तरह बंद होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कॉलोनी के विभिन्न स्थानों के साथ ही नगर से सटे ग्राम केशवनगर में भी कई मकानों के क्षतिग्रस्त होने की खबर है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत

**रायपुर।** माना बस्ती नहर पुलिया के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवक घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक संजू निर्वान्स 25 वर्ष अपने दोस्त ईरफान और आरीफ के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 डीएक्स 9648 से कहीं जा रहा था, तभी माना बस्ती नहर पुलिया के पास कार क्रमांक सीजी 04 केवाय 9775 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में संजू निर्वान्स की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# कोरिया से बड़ी बढ़त के साथ लोकसभा में खिलने जा रहा है भाजपा का कमल : राजवाड़े

### पीएम मोदी सहित विकसित भारत संकल्प को मेरा मतदान

**कोरिया बैकुंठपुर।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 7 मई को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 93 संसदीय क्षेत्र के मतदाताओ ने नई सरकार चुनने के लिए मतदान किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में कोई अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंचा तो कोई दोस्तों के साथ। मतदान को लेकर बुजुर्ग मतदाताओं का हौसला जवां दिखा। दिव्यांग मतदाताओं ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाई । बुजुर्ग, युवा व महिलाएं सभी वर्ग के मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाने के लिए सुबह सुबह ही मतदान केंद्रों पर पहुंचे थे । पोलिंग बूथों पर लंबी- लंबी कतार लगी थी । इसी तर्ज और जलपान से पहले मतदान अभियान के मद्देनजर छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री, वर्तमान विधायक बैकुंठपुर व कोरबा लोकसभा चुनाव 2024 के लोकसभा संयोजक श्री भईया लाल राजवाड़े ने



विधानसभा 03 बैकुंठपुर अंतर्गत गृह ग्राम सरडी के बूथ क्रमांक 11 से राष्ट्रहित और सुशासन की मोदी सरकार को 400 पार अभियान को मजबूती देने अपने अमूल्य वोट का मतदान किया साथ ही उन्होंने कोरिया जिले के विभिन्न पोलिंग बूथों में पहुंचकर वोटिंग का भी जायजा लिया और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया । कोरिया जिले अंतर्गत मतदान केंद्रों में उमड़े मतदाताओं के जन सैलाब को देखकर विधायक भईया लाल ने बताया की बीते बैकुंठपुर विधानसभा चुनाव की तुलना में लोकसभा चुनाव आज 7 मई के मतदान में वोट प्रतिशत का बढ़ना इस बात की ओर संदेश है की कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय कोरिया से बड़ी बढ़त मिलेगी और सरोज पांडेय बड़ी जीत दर्ज करेंगी भईया लाल ने कहा की लोग देश में फिर से मोदी सरकार बनाने के लिए उत्साहित हैं और शत प्रतिशत मतदान करते हुए 400 सीटों के साथ भाजपा को जीत दिलाने को तैयार हैं जिसके बाद प्रदेश की सभी 11 सीटों पर भाजपा के कमल का खिलना भी तय है । विधानसभा चुनाव 2023 का वोटिंग करीब 76 प्रतिशत था जिसके बाद कोरबा लोकसभा चुनाव के लिए बैकुंठपुर विधानसभा में आज 7 मई को हुए मतदान में वोटिंग प्रतिशत का आंकड़ा बढ़कर करीब 80 प्रतिशत होने पर विधायक भईया लाल राजवाड़े ने कोरिया वासियों के मतदान पर जागरूकता और लोकतंत्र के मजबूत भागीदारी के लिए उनका आभार व्यक्त किया है । विधायक भईया लाल राजवाड़े ने कोरिया जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के मेहनत और ईमानदारी पूर्वक किए गए दायित्व निर्वहन की सराहना करते हुए उनके द्वारा सफलता पूर्वक शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए सभी का धन्यवाद किया है।

## अंधड़ से कई क्षेत्र अभी भी अंधेरे में, पेड़ों के गिरने से समस्या

**कोरबा।** मतदान दिवस को दोपहर बाद मौसम का रूख बदलने के साथ काफी तेज रफ्तार से आए अंधड़ ने जहां लोगों को डराया, वहीं अपने प्रभाव से समस्याएं भी पैदा कर दी। विद्युत लाइन के तार टूटने के कारण शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित हुई। मेंटनेंस अमले ने कई घंटे की मशक्कत के बाद ऐसे क्षेत्रों में बिजली बहाल की। शहरी इलाके में यह काम हो गया है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ा हिस्सा अभी भी अंधेरे में डूबा हुआ है। बिजली कंपनी इस बारे में जानकारी लेने के बाद कामकाज करने की बात कह रही है। दूसरी ओर कोरबा में एसईसीएल सहित कई रास्तों पर अंधड़ के असर से पेड़ों के टूटकर गिरने की घटनाएं हुई। इसमें संपत्ति को नुकसान पहुंचा। साथ ही रास्तों से आवाजाही भी बाधित हुई। क्षतिग्रस्त पेड़ों को हटाने का फिलहाल नहीं हुआ है।





# कोरबा में कांग्रेस और भाजपा कर रही जीत के दावे, लेकिन गोंगपा के वोट पर भी नजर

## जिले में 73.41 प्रतिशत वोटिंग, अन्य क्षेत्रों का औसत भी लगभग इतना

**कोरबा।** अनारक्षित कोरबा लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण के अंतर्गत मतदान संपन्न हो गया है। कोरबा जिले के चार विधानसभा क्षेत्र में 73.41 प्रतिशत वोटिंग दर्ज हुई। जबकि तीन जिलों के अंतर्गत आने वाले चार विधानसभा क्षेत्रों में भी वोटिंग का औसत लगभग कोरबा जिले के बराबर ही रहा। वोटिंग के आधार पर भाजपा और कांग्रेस के रणनीतिकार अपने-अपने हिसाब से जीत प्राप्त होने की बात कर रहे हैं। लेकिन इसके साथ ही उनकी नजर इस बात पर है कि अपने प्रभाव क्षेत्र पाली-तानाखार और भरतपुर-सोनहत में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी कितने वोट हासिल कर पाती है। नतीजों का पूरा दारोमदार इसी पर टिका हुआ है।



निर्वाचन विभाग के द्वारा कोरबा संसदीय क्षेत्र में मतदान की सांख्यिकी स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। इसके अनुसार अंतिम रूप से कोरबा जिले में कुल मिलाकर 73.41 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में 73.64 पुरुषों तथा 73.19 प्रतिशत महिलाओं और 10.81 थर्ड जेंडर ने सांसद चुनने के लिए मतदान किया। मतदान करने वालों की कुल संख्या 6 लाख 87 हजार 698 रही। इनमें 3 लाख 43 हजार 111 पुरुष और 3 लाख 44 हजार 583 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। जबकि कोरबा जिले में कुल पंजीकृत वोटर्स 9 लाख 36 हजार 783 हैं। इनमें पुरुषों की संख्या 4 लाख 65 हजार 953 और महिलाओं की संख्या 4 लाख 70 हजार 793 व थर्ड जेंडर की संख्या 37 है। गौर करने वाली बात यह है कि सांसद के साथ-साथ देश के लिए प्रधानमंत्री चुनने हेतु कोरबा जिले में महिला मतदाताओं ने जागरूकता का बेहतर प्रदर्शन अपनी उपस्थिति के आधार पर किया। 26.59 प्रतिशत मतदाता ऐसे भी रहे जिन्होंने मतदान करने की जरूरत नहीं समझी, चाहे कारण जो भी हो।

कोरबा के अलावा संसदीय क्षेत्र में जीपीएम जिले की मरवाही, बैकुंठपुर जिले की बैंकुंठपुर और एमसीबी जिले की मनेंद्रगढ़ व भरतपुर-सोनहत सीट शामिल हैं। 7 लाख से अधिक मतदाता इन सीटों पर पंजीकृत हैं। जिनमें से 5 लाख से भी कम ने मताधिकार का प्रयोग लोकसभा चुनाव के लिए किया है। 70 प्रतिशत से ज्यादा मतदान इन सीटों पर रिकार्ड किया गया है। रणनीतिक तैयारी और वोटर्स के रूझान को ध्यान में रखते हुए मुख्य रूप से चुनाव मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए उतरी भाजपा और कांग्रेस पार्टी ने दावे किये हैं कि इस चुनाव में उनकी जीत तय है। हालांकि सच यही है कि कोई एक प्रत्याशी को जीत मिलना है। खबर के मुताबिक दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों में बूथ स्तर पर प्राप्त हुए वोट और इसके ताने-बाने की समीक्षा भी शुरू हो गई है। इसी के आधार पर कहा जा रहा है कि जीत की इबारत लिखी जाएगी। वहीं जानकार इस बात को भी दोहरा रहे हैं कि इन दोनों पार्टियों की नजर मुख्य रूप से पूरे चुनाव में गोंगपा पर रही। उन्हें इंतजार भी इसी बात का है कि आखिर चुनाव के दौरान गोंगपा को कितने मत प्राप्त होते हैं। अनुसूचित जनजाति बाहुल्य कुछ सीटें दोनों पार्टियों का गणित बिगाड़ती रही है। हालांकि इस बार भाजपा ने अपने हिसाब से स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया है वहीं कांग्रेस ने कई आधार पर समीकरण को साधने को दावे किये हैं। असली तस्वीर क्या है, इसका खुलासा 4 जून को ईवीएम खुलने के बाद ही होगा।

### मुख्य मुकाबला रहा ज्योत्सना और सरोज के बीच





कोरबा लोकसभा क्षेत्र के गठन के बाद यह चौथा चुनाव है जिसमें प्रमुख पार्टियों कांग्रेस और भाजपा ने महिला चेहरों को मैदान में उतारा। कांग्रेस ने मौजूदा सांसद ज्योत्सना महंत को दूसरी बार अवसर दिया जबकि भाजपा ने पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. सरोज पांडेय को उनके सामने खड़ा किया। सरोज इससे पहले महापौर और विधायक भी रह चुकीं हैं। इन नाते अनुभव के मामले में उन्हें वरीयता मिली हुई है। इन सबसे अलग कोरबा लोकसभा क्षेत्र में प्रमुख पार्टियों के अलावा बसपा और गोंगपा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश की जबकि 23 और चेहरे मैदान में थे। चुनाव संपन्न होने के बाद ईवीएम स्ट्रांग रूम के हवाले हो चुकी है। नतीजे आने तक लोग अपने-अपने तरीके से चर्चा करेंगे और आंकलन भी लगाएंगे। सबसे बड़ा सवाल इसी बात पर टिका हुआ है कि आखिर लोकसभा क्षेत्र के मतदाता अपने नेता के तौर पर किस चेहरे को संसद भेज रहे हैं।

## शांतिपूर्ण हुआ जिले में मतदान डीएम ने जताया आभार

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं, अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों सहित मीडिया के प्रतिनिधियों और प्रेक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित कर उनके प्रति आभार जताया है।



कलेक्टर ने आईटी कॉलेज परिसर से जारी अपने संदेश में कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मतदान के लिए जरुरी प्रशासनिक व्यवस्थाएं और सुरक्षा के साथ-साथ जनभागीदारी और सभी वर्गों के लोगों का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासनिक तौर पर व्यवस्थाएं समय पर पूरी की गई। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासनिक तैयारियों और सुरक्षा के लिए जरुरी सभी इंतजाम करने जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों ने जिम्मेदारी के साथ निष्ठापूर्वक कार्य किया। महिला अधिकारियों ने भी पुरुष अधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मतदान की इस प्रक्रिया को निष्पक्ष-शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को इसके लिए अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सहयोग करने वाले शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस,होमगार्ड सहित अन्य सभी व्यक्तियों जिनने सफलतापूर्वक और निष्पक्ष स्वतंत्र तथा शांतिपूर्ण चुनाव में अपना अमूल्य सहयोग दिया है, के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी के प्रति आभार जताया है। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट, सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों के द्वारा चुनाव कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं को अभ्यर्थियों, आम जनता तक पहुंचाने तथा चुनाव कार्य में सहयोग के लिए उनके प्रति अपना आभार जताया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी सूचनाओं की जानकारी लोगो तक पहुचाने के साथ-साथ कोरबा जिले में चुनाव के दौरान कोई भ्रामक खबर या अफवाह को फैलने से रोकने में जिला प्रशासन को मीडिया का बेहतर सहयोग मिला।

## बाउंड्रीवॉल कराने की मांग

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर मनोरंजन क्लब के चारों ओर बाउड्री कराने की मांग प्रबंधन से की गई है। इसके अलावा पुराने क्लब में जीर्णोद्वार भी किया जाना है। मनोरंजन क्लब के मिनीलाल भूषण नारंगे, रामलाल साहू का कहना है कि क्बल में कुछ कार्य कराएं गए है। अब बाउड्रीवॉल बनाने की जरूरत है। निर्माणकार्य का इंतजार कोयला कामगार रहे है।

## स्टेरिंग कमेटी की बैठक का इंतजार

**कोरबा।** डंपर ऑपरेटरो को ओटी देने का मामला अभी भी अधर में लटका हुआ है। जेसीसी की बैठक में इस मामले पर फैलसा नही हो पाया था। इस लिए मामले को मुख्यालय भेजा जा रहा है। मुख्यालय में 6 मई को स्टेरिंग कमेटी की बैठक होनी थी। लेकिन यह बैठक नही हो पायी। अब गेवरा के डफर ऑपरेटर लगली बैठक का इंतजार कर रहे है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गेवरा के डंपर आपरेटरो ने ओटी की घंटे को लेकर दो दिनों तक काम बंद रखा था प्रबंधन पे जेसीसी की बैठक बुलाई बैठक में रेशम लाल यादव , दीपक उपाध्याय, गोपाल यादव सहित सभी पांचो संगठनो के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में ओटी देने को लेकर गहनता के साथ विचार किया गया। ठोस निर्णय नही हो पाने पर मुख्यालय में अब विचार होगा। इस मामले को स्टेरिंग कमेटी के सदस्य उठाएगें।

## एसईकेएमसी ने इंसेंटिव को लेकर मांग पत्र सौंपा

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर परियोजना में कोयला कामगारों को इंसेंटिव दिया जाना है। लेकिन यह राशि अभी तक नही मिल पाया है। एसईकेएमसी के सचिव प्रमोद बनर्जी ने प्रबंधन से पत्र लिखकर मांग की है कि तीन माह से यह राशि आकर पड़ी हुई है। कोयला कामगारों को तत्काल यह राशि प्रदान किया जाए अध्यक्ष भागवत सिंह ने यह बताते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष इंसेंटिव राशि कोयला कामगारों को प्रदान किया जाता है।

## कई साल से बंद है एसईसीएल में भर्ती, कैसे मिले रोजगार

-तरूण मिश्रा-

**कोरबा।** जल-जंगल-जमीन से लेकर कई तरह की योजनाओं और घोषणाओं के बीच लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण संपन्न हो गया जिसमें छत्तीसगढ़ की बाकी बची 7 सीटें निपट गई। इन सबके बीच कोलफील्ड्स से संबंधित मुद्दों पर न तो बात हुई और न ही यह बताने की कोशिश की गई कि पढ़-लिखकर यहां-वहां संघर्ष कर रहे युवाओं को कोयला खदानों में रोजगार देने के लिए क्या नीति है। यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि कोल इंडिया की सहयोगी कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में भर्ती प्रक्रिया बंद है।

कोरबा लोकसभा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा कोयला खदानों को समाहित किये हुए है। कोरबा, एमसीबी और बैकुंठपुर जिले इसी में शामिल हैं जहां एसईसीएल की ज्यादा खदानें संचालित हैं। काफी समय से खदानों में नई भर्तियां नहीं होने को लेकर नाराजगी दिखाई देती रही है। कोल इंडिया के बड़े अधिकारियों की ओर से परियोजना विस्तार के साथ-साथ कर्मचारी कल्याण की बात जरूर कही गई लेकिन अन्य मसलों को हासिए पर छोड़ दिया गया। चुनाव के दौरान किसी भी राजनीतिक दल की ओर से एसईसीएल में नई भर्ती करने और बेरोजगारी स्तर को कम करने पर न तो चर्चा की गई और न ही बताया गया कि चुनाव जीतने के बाद इस दिशा में क्या कुछ हो सकेगा। याद रहे कोरबा सहित अन्य संबंधित जिलों में एसईसीएल के द्वारा खदान विस्तार समेत नए प्रस्तावों के सिलसिले में जमीन अर्जन से प्रभावित भूविस्थापितों को मुआवजा, रोजगार देने के मामले अटके हुए हैं। इसके लिए समयबद्ध कार्यक्रम नहीं बनाने से बार-बार टकराव के हालात निर्मित होते रहे हैं। बेरोजगारों व भूविस्थापितों के मसले कैसे हल होंगे इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना कब बनेगी यह बड़ा मुद्दा है। एसईसीएल ने आईटीआई प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिसशिप कराने का काम तो जरूर जारी रखा है लेकिन इसके बाद रोजगार की दिशा में कोई विकल्प ही नहीं है।

### इसलिए बार-बार बन रही टकराव की स्थिति



### आउटसोर्सिंग से चल रहा काम

कई प्रकार की चुनौतियों को लेकर बार-बार बात जरूर की जा रही है लेकिन सच्चाई यही है कि सीआईएल की दूसरी कंपनियों सहित एसईसीएल में बहुत सारे काम आउट सोर्सिंग पर दे दिए गए हैं। इसमें सीमित लोगों को नियोजित किया गया है, वहीं इसके जरिए कंपनियां मालामाल हो रही है।

## तड़के तक जमा होती रहीं ईवीएम



**कोरबा।** कोरबा जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद ईवीएम जमा करने का काम आज सुबह 4 बजे तक जारी रहा। नकटीखार के आईटी कॉलेज परिसर को स्ट्रांग रूम बनाया गया है जहां पर ईवीएम जमा की जा रही है। जिले के 1087 मतदान केंद्रों में उपयोग में लाई गई ईवीएम की वापसी संपूर्ण प्रक्रिया के बाद रात्रि लगभग 9 बजे से शुरू हुई। पोलिंग पार्टियों के कोरबा पहुंचने पर आईटी कॉलेज के स्ट्रांग रूम में इन्हें जमा कराने का कार्य किया गया। प्रपत्र भरने से लेकर जांच के साथ यह कार्यवाही की गई। नजदीकी केंद्रों वाली पोलिंग पार्टियां स्वाभाविक रूप से स्ट्रांग रूम तक शीघ्रता से पहुंची जबकि दूरदराज की पार्टियों को यहां तक आने में समय लगा। प्रशासन के द्वारा स्ट्रांग रूम में विधानसभावार वितरण और जमा की काउंटर की व्यवस्था कराई गई। इसी हिसाब से बैलेट यूनिट और वीवीपैट सहित अन्य दस्तावेजों को जमा लिया गया। देर रात्रि ही नहीं बल्कि आज सुबह 4 बजे के बाद भी पोलिंग पार्टियों की उपस्थिति यहां पर दर्ज हुई। बताया गया कि कटघोरा के सरकारी कॉलेज में वहां के दो विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम जमा कराई गई है जिन्हें मतदान के बाद अगले 24 घंटे के भीतर कोरबा में शिफ्ट कराया जाएगा। जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 4 जून को आईटी कॉलेज परिसर में होगी। इस अवधि तक यहां कड़ा सुरक्षा घेरा रहेगा।

### स्ट्रांग रूम में तैनात हैं सुरक्षा कर्मी

## सिमकेदा में ग्रामीणों की मेहनत पर पानी फेर हाथी चले उदा जंगल

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा अंतर्गत कुदमुरा रेंज के सिमकेदा गांव में मौजूद 4 हाथियों के दल ने बीती रात धरमजयगढ़ क्षेत्र का रूख करते हुए उदा जंगल पहुंच गया। हाथियों ने जाने से पहले यहां 7 ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को रौंद दिया जबकि कोरबा रेंज अंतर्गत कोरकोमा जंगल में घूम रहे 23 हाथियों का दल कमरन, छिंदकोना के रास्ते चचिया पहुंच गया है। हाथियों के इस दल ने भी रास्ते में कई किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। सिमकेदा में हाथियों द्वारा फसल रौंदे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह मौके पर पहुंचे और नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। खबरों के अनुसार कोरबा वनमंडल में इन दिनों हाथी समस्या लगातार बनी हुई है। यहां बड़ी संख्या में हाथी मांड नदी पार कर कुदमुरा रेंज पहुंचते हैं और क्षेत्र में विचरण करने के साथ धान की फसल को रौंदने के बाद फिर वापस धरमजयगढ़ चले जाते हैं। यह सिलसिला काफी दिनों से चल रहा है जिससे क्षेत्र के ग्रामीण काफी परेशान हैं। वहीं वन विभाग भी हलाकान है। उसके अधिकारी व कर्मचारी हाथी समस्या को लेकर अलर्ट भी हैं। हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकार व कर्मचारी ग्रामीणों को सतर्क करने के साथ ही हाथियों की निगरानी में जुट जाते हैं। इस बीच कटघोरा वनमंडल के जटगा परिक्षेत्र में घूम रहे दंतैल हाथी ने आगे का रूख कर लिया है और बासिन परिसर पहुंचने के साथ जंगल में डेरा डाल दिया है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com